वर्ष : 13 | अंक : 92 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00

टोंक | शुक्रवार, 07 नवम्बर 2025 | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष द्वितीया संवत् - 2082

भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर

कदम बढ़ाएं, सच के साथ

RNI NO.RAJHIN /2013/52026



# वंदे मातरम्@150...

## राष्ट्रीय गीत की देशभर में अमर ध्वनि गूंजेगी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने पर देशभर में उत्सव मनाया जा रहा है। 1875 में बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा लिखे गए इस गीत ने भारत की आजादी की लड़ाई में अमर भूमिका निभाई। यह गीत आज भी मातृभूमि के प्रति समर्पण, एकता और स्वाभिमान का प्रतीक है। ऐसे में आइए जानते हैं कि कैसे बंगदर्शन पत्रिका में प्रकाशित एक गीत देश का राष्ट्रगीत बन गया। देश के राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के आज 150 वर्ष पूरे हो रहे हैं। सात नवंबर 1875 को बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा लिखी गई यह रचना भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की आत्मा बन गई थी। यह गीत केवल एक कविता नहीं, बल्कि भारत की एकता, त्याग और मातृभूमि के प्रति अटूट श्रद्धा का प्रतीक है। इसी गीत ने आजादी के संघर्ष में लाखों देशवासियों को नई ऊर्जा दी थी। आइए आज इस राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर इसके सफर पर एक नजर डालते हैं।'वंदे मातरम' को पहली बार 1875 में बंगदर्शन पत्रिका में प्रकाशित किया गया था। सन् 1882 में इसे बंकिम चंद्र की प्रसिद्ध कृति आनंदमठ में शामिल किया गया। वहीं, इस गीत को संगीत में ढालने का काम रवींद्रनाथ टैगोर ने किया। 1896 में कलकत्ता कांग्रेस अधिवेशन में यह गीत पहली बार सार्वजनिक रूप से गाया गया। सात अगस्त 1905 को इसे पहली बार राजनीतिक नारे के रूप में इस्तेमाल किया गया, जब बंगाल विभाजन के विरोध में लोग सड़कों पर उतरे थे।

### क्या है उपन्यास 'आनंदमठ'

उपन्यास आनंदमठ में संन्यासियों का एक समूह 'मां भारती' की सेवा को अपना धर्म मानता है। उनके लिए 'वंदे मातरम' केवल गीत नहीं, बल्कि पूजा का प्रतीक है। उपन्यास में मां की तीन मूर्तियां भारत के तीन स्वरूपों को दर्शाती हैं। अतीत की गौरवशाली माता, वर्तमान की पीड़ित माता और भविष्य की पुनर्जीवित माता। इस पर अरविंदो ने लिखा है कि यह मां भीख का कटोरा नहीं, बल्कि सत्तर करोड़ हाथों में तलवार लिए भारत माता है।

रचनाकार : बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय

### ऐसे बना राष्ट्रगीत

1950 में संविधान सभा ने सर्वसम्मति से वंदे मातरम को भारत का राष्ट्रीय गीत घोषित किया। तत्कालीन अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कहा था वंदे मातरम ने स्वतंत्रता संग्राम में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है, इसे 'जन गण मन' के समान सम्मान दिया जाएगा। इसके बाद से यह गीत देश के गौरव, एकता और राष्ट्रभावना का प्रतीक बन गया।

### 150 साल पूरे होने पर देशभर में समारोह

इस वर्ष केंद्र सरकार पूरे भारत में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने का उत्सव मना रही है। दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में राष्ट्रीय स्तर का उद्घाटन समारोह होगा। देशभर में सात नवंबर को जिला और तहसील स्तर तक विशेष आयोजन होंगे। इस अवसर पर डाक टिकट, स्मारक सिक्का और वंदे मातरम पर आधारित प्रदर्शनी भी जारी की जाएगी। साथ ही ऑल इंडिया रेडियो और दूरदर्शन पर इससे जुड़े विशेष कार्यक्रम भी प्रसारित किए जाएंगे।

## बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान संपन्न

# प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद

बढ़ता राजस्थान



**पटना (एजेंसी)** । विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान गुरुवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस चरण में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के छह मंत्रियों की किस्मत ईवीएम में लॉक हो गई है। इनमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चार और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के दो मंत्री शामिल हैं। सभी छह का सीधा मुकाबला महागठबंधन से है। कहीं त्रिकोणात्मक संघर्ष नहीं है। सिवान सदर सीट से भाजपा के वरिष्ठ नेता और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने पहली बार जनता की अदालत में परीक्षा दी है। उनका सीधा मुकाबला राजद प्रत्याशी और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी से है।

बिहारशरीफ सीट पर भाजपा प्रत्याशी पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. सुनील कुमार कांग्रेस के नए चेहरे उमैर खान से टक्कर ले रहे हैं। अमनौर सीट पर भाजपा प्रत्याशी व आइटी मंत्री कृष्ण कुमार मंटू का मुकाबला राजद के सुनील कुमार से है, जबकि बांकीपुर में पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन के सामने राजद की रेखा कुमारी हैं। वहीं, नालंदा सीट पर जदयू के टिकट पर ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार का मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी कौशलेंद्र कुमार से है। जदयू प्रत्याशी शिक्षा मंत्री व पूर्व आइपीएस अधिकारी सुनील कुमार की भोरे विधानसभा क्षेत्र में सीधी टक्कर भाकपा (माले) के उम्मीदवार धनंजय से है। मंगल पांडेय ने पहली बार विस चुनाव लड़ा है। मंटू 2010 से जीत-हार दोनों का स्वाद चख चुके हैं। डॉ. सुनील व नितिन नवीन लगातार पांच बार से अविजित हैं। श्रवण कुमार सात बार जीत चुके, मात्र एक बार हारे।

### बिहार में 40 फीसदी महिला वोटर हैं

बिहार में करीब करीब 40 फीसदी महिला वोटरों है। चुनाव के जानकार विनोद कुमार कहते हैं कि बिहार सरकार ने डेढ़ करोड़ महिला वोटरों को 10 हजार दिए थे। इससे उन्होंने करीब साढ़े चार करोड़ (प्रति परिवार चार सदस्य मानें तो) वोटरों को साध लिया है। अगर सरकार का यह जादू चल गया है तो बिहार में बंपर वोटिंग का यह बड़ा कारण है।

## केंद्रीय मंत्री संजय कुमार का रेवंत रेड्डी पर हमला

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। तेलंगाना में जुबली हिल्स उपचुनाव को लेकर सियासी पारा चढ़ गया है। केंद्रीय मंत्री बंदी संजय कुमार ने बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी और कांग्रेस नेताओं पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रचार के दौरान कांग्रेस नेता सिर्फ वोट पाने के लिए टोपी पहन रहे हैं, जबकि उन्होंने कभी भी हिंदू मंदिरों में पूजा-अर्चना नहीं की। केंद्रीय मंत्री ने चुनौती देते हुए कहा अगर मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी में हिम्मत है, तो वे AIM-IM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी को भाग्यलक्ष्मी मंदिर में आरती करवाएं। उन्होंने यह भी कहा कि ओवैसी भाइयों (अकबरुद्दीन और असदुद्दीन) ने कभी मंदिर जाकर नारियल नहीं फोड़ा या पूजा नहीं की। लेकिन कांग्रेस नेता उनके वोट के लालच में सिर पर टोपी पहन रहे हैं।

## पीएम मोदी से चल रही अच्छी बात, जल्द करूंगा भारत का दौरा



बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी बातचीत बेहद अच्छी चल रही है और वे जल्द ही भारत दौरे पर आ सकते हैं। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को मीडिया से बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा हमारे बीच बातचीत बहुत अच्छी चल रही है। उन्होंने रूस से तेल खरीदना काफी हद तक बंद कर दिया है। मोदी मेरे दोस्त हैं, हम बात करते रहते हैं और उन्होंने मुझे भारत आने का न्योता दिया है। हम तारीख तय करेंगे... प्रधानमंत्री मोदी एक महान व्यक्ति हैं और मैं भारत जाऊंगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या वे अगले साल भारत का दौरा करेंगे, तो ट्रंप ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, "हो सकता है, हां। हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत अभी जारी है। ट्रंप ने कहा कि ट्रेड के कुछ मुद्दों पर मतभेद हैं, लेकिन हमारी टीम इस पर काम कर रही है। हालांकि दोनों देशों के बीच बीते कुछ समय से व्यापार को लेकर चर्चाएं चल रही हैं। अमेरिका चाहता है कि भारत अपने बाजारों को और अधिक खोलने पर विचार करे, जबकि भारत कृषि और तकनीकी क्षेत्र में अमेरिकी रियायतों की उम्मीद कर रहा है। ट्रंप के कार्यकाल के दौरान भी दोनों देशों के बीच कई व्यापारिक समझौतों पर बात हुई थी, लेकिन कुछ मतभेदों के कारण वे अधूरे रह गए थे।

## 'गिरफ्तारी को लेकर संवैधानिक अधिकार...', सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि मजिस्ट्रेट के समक्ष पेशी से दो घंटे पहले गिरफ्तारी का आधार दिए जाने की समय सीमा इस व्यावहारिकता पर आधारित है कि गिरफ्तार व्यक्ति को संविधान के तहत प्राप्त अधिकारों की प्रभावी रूप से रक्षा की जा सके। यह अवधि सुनिश्चित करेगी कि अभियुक्त के वकील के पास बचाव के समय गिरफ्तारी के आधार की जांच करने और रिमांड का विरोध करने के लिए प्रासंगिक सामग्री एकत्र करने का पर्याप्त समय हो। इससे कम समय ऐसी तैयारी के लिए अपर्याप्त होगा, जिसके परिणामस्वरूप संवैधानिक और वैधानिक आदेश का पालन नहीं हो सकता। इस तरह रिमांड के लिए पेशी से दो घंटे पहले की सीमा अनुच्छेद 22(1) के तहत गिरफ्तार व्यक्ति के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा और आपराधिक जांच के बीच एक विवेकपूर्ण संतुलन बनाती है। शीर्ष अदालत ने भविष्य के लिए कानूनी व्यवस्था तय करते हुए कहा है कि गिरफ्तारी से पहले या गिरफ्तारी के तुरंत बाद आधारों की लिखित जानकारी न देना गिरफ्तारी को अमान्य नहीं करेगा, बशर्ते कि उक्त आधारों की लिखित जानकारी तर्कसंगत समय के भीतर और किसी भी स्थिति में गिरफ्तार व्यक्ति को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करने से दो घंटे पहले दी जाए।

## अनिल अंबानी को ईडी ने फिर जारी किया समन

बढ़ता राजस्थान



नई दिल्ली (एजेंसी)। ईडी ने रिलायंस समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी को कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अगले सप्ताह पूछताछ के लिए नया समन जारी किया है। 66 वर्षीय कारोबारी से जांच एजेंसी ने अगस्त में करीब 10 घंटे तक पूछताछ की थी। सूत्रों ने बताया कि उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में पूछताछ के लिए 14 नवंबर को पेश होने के लिए कहा गया है। रिलायंस कम्युनिकेशन लिमिटेड (आरकाम) पर एसबीआइ के साथ 2,929 करोड़ रुपये की ऋण धोखाधड़ी का आरोप है। अनिल अंबानी को इसी मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने पिछले दिनों मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के तहत अनिल अंबानी, उनकी कंपनियों और संबंधित संस्थाओं से जुड़ी 7500 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां जब्त की हैं। इनमें मुंबई के पाली हिल स्थित पारिवारिक बंगले के अलावा उनकी कंपनियों की अन्य आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियां भी शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि अनिल अंबानी के पेश होने के बाद एजेंसी पिछली बार की तरह मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उनका बयान दर्ज करेगी। ईडी की यह जांच सीबीआइ द्वारा 21 अगस्त को दर्ज की गई एक प्राथमिकी पर आधारित है।

## फर्जी विश्वविद्यालयों के खिलाफ एक्शन की तैयारी

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पहचान के बाद भी देशभर में सक्रिय फर्जी विश्वविद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने और उन्हें बंद नहीं कराए जाने पर शिक्षा मंत्रालय ने कड़ी आपत्ति जताई है। मंत्रालय इस मामले पर स्वतः संज्ञान लेते हुए अब राज्यों के मुख्य सचिवों से इस मामले में हस्तक्षेप करने को कहेगा। देश में मौजूदा समय में 22 फर्जी विश्वविद्यालयों की पहचान की गई है। इनमें 10 फर्जी विश्वविद्यालय अकेले दिल्ली में मौजूद हैं। शिक्षा मंत्रालय इन संस्थानों को बंद कराकर इसकी रिपोर्ट भी लेगा। शिक्षा मंत्रालय ने फर्जी विश्वविद्यालयों को लेकर यह सख्ती तब दिखाई है, जब पहचान के बाद भी इनके खिलाफ कार्रवाई के नाम पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की ओर से एक सूची जारी करने की औपचारिकता भर निभाई जाती है। सूची जारी होने के बाद भी ये फर्जी संस्थान सक्रिय रहते हैं। साथ ही हर साल बड़ी संख्या में छात्रों को अपना शिकार बनाते हैं। मंत्रालय ने छात्रों के हितों को देखते हुए ऐसे फर्जी संस्थानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की योजना बनाई है। यूजीसी के मुताबिक, राज्यों को इसको लेकर लिखा जाता है। ऐसे में सवाल उठता है कि राज्य इनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं करते हैं? यूजीसी ने अब तक देशभर के जिन 22 फर्जी विश्वविद्यालयों की पहचान की है, उनमें दिल्ली में 10, उत्तर प्रदेश में चार और आंध्र प्रदेश, बंगाल तथा केरल में दो-दो फर्जी विश्वविद्यालय मौजूद हैं। महाराष्ट्र, पुडुचेरी में एक-एक फर्जी विश्वविद्यालय पाए गए हैं।

अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

**आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।**

दीया फंड

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।

दावा न की गई संपत्ति के संबंध में आयोजित विशेष शिविरों में जाएं, जिसे देशभर के सभी ज़िलों में अक्तूबर से दिसंबर 2025 के बीच लगाए जाएँगे।




क्यूआर कोड स्कैन कीजिए

अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए

आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

## सम्पादकीय

# फर्जी विश्वविद्यालयों पर शिकंजा, बंद करने की कार्रवाई शुरू

इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि शिक्षा मंत्रालय फर्जी विश्वविद्यालयों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखने जा रहा है। आश्चर्य नहीं कि इस पत्राचार के बाद भी फर्जी शिक्षा संस्थान बंद न हों। इसकी आशंका इसलिए है, क्योंकि अतीत में इस तरह की पहल की जा चुकी है, लेकिन सभी फर्जी शिक्षा संस्थानों पर ताला नहीं लगाया जा सका। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी हर वर्ष फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची जारी करता है, ताकि छात्र उनमें प्रवेश लेने और अपना समय एवं धन बर्बाद करने से बचें। इसके बाद भी वे चलते रहते हैं। इसका मतलब है कि छात्र उनमें प्रवेश लेते हैं। यूजीसी फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची जारी करने के साथ ही यह भी बताता है कि इन शिक्षा संस्थानों की ओर से दी जाने वाली डिग्री किसी काम की नहीं होती, लेकिन उनका अस्तित्व बना ही रहता है। कई फर्जी विश्वविद्यालय ऐसे हैं, जिनके खिलाफ एफआइआर भी दर्ज की जा चुकी है, लेकिन उन्हें इसलिए बंद नहीं किया जा सका, क्योंकि कुछ ने अदालतों की शरण ले ली तो कुछ ने किसी अन्य आधार पर अपने को वैध ठहराने की चेष्टा की। स्पष्ट है कि शिक्षा संस्थानों के संचालन संबंधी नियम-कानूनों में कुछ ऐसे छिद्र हैं, जिनका लाभ फर्जी विश्वविद्यालयों को चलाने वाले उठा रहे हैं। फर्जी विश्वविद्यालयों का संचालित होते रहना केवल छात्रों के साथ खिलवाड़ ही नहीं, बल्कि शिक्षा संस्थानों को संचालित करने वाली व्यवस्था का उपहास भी है। यह व्यवस्था कितनी दीन-हीन है, इसका पता इससे चलता है कि देश में जो 22 फर्जी विश्वविद्यालय चल रहे हैं, उनमें से 10 देश की राजधानी दिल्ली यानी संसद, सुप्रीम कोर्ट, शिक्षा मंत्रालय और यूजीसी की नाक के नीचे चल रहे हैं। क्या यह एक मजाक नहीं? कुछ फर्जी विश्वविद्यालय तकनीक, प्रबंधन और कानून की भी डिग्रियां बांटते हैं। किसी को यह जानने की कोशिश करनी चाहिए कि आखिर इन फर्जी विश्वविद्यालयों से कथित तौर पर डिग्री हासिल करने वाले छात्र करते क्या हैं? कहीं ऐसा तो नहीं कि वे अपनी अमान्य डिग्रियों का कहीं पर इस्तेमाल करने में समर्थ हो जाते हों? यह सहज ही समझा जा सकता है कि फर्जी विश्वविद्यालय चोरी-छिपे नहीं, बल्कि खुलेआम सार्वजनिक स्थानों में चल रहे होते हैं। आखिर एक अवैध समानांतर व्यवस्था के सामने विधि का शासन इतना असहाय कैसे हो सकता है? प्रश्न यह भी है कि नियम-कानूनों को कठोर करके इन फर्जी विश्वविद्यालयों को एक




झटके में बंद क्यों नहीं किया जा सकता या फिर उन पर ऐसी कोई शर्त क्यों नहीं थोपी जा सकती कि वे यूजीसी के नियमों का पालन करने के लिए बाध्य हों, ताकि छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ न होने पाए?

## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

### 7 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1862 - मुग़ल सल्तनत के अंतिम शासक बहादुर शाह द्वितीय की रंगून में मौत।
- 1876 - बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय ने बंगाल के कांतल पाडा नामक गाँव में वन्दे मातरम् गीत की रचना की थी।
- 1917 - रूस में सफल बोल्शेविक क्रांति।
- 1951 - जार्डन में संविधान पारित किया गया।
- 1968 - तत्कालीन सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया।
- 1996 - अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मार्स ग्लोबल सर्वेयर का प्रक्षेपण किया।
- 1998 - अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने भारत और पाकिस्तान पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने की घोषणा की।
- दुनिया का सबसे बुजर्ग अंतरिक्षयात्री जॉन ग्लेन धरती पर सुरक्षित लौटा।
- 2000 - अमेरिकी राष्ट्रपति पद हेतु मतदान सम्पन्न।
- 2002 - अमेरिकी सीनेट के लिए हुए चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी को बहुमत मिला, आयरलैंड के रिचर्ड डोनोवाल 12वीं हिमालय रन एंड ट्रेक स्पर्धा में पुरुष वर्ग के चैम्पियन बने।
- ईरान ने अमेरिकी उत्पादों के विज्ञापन पर प्रतिबंध लगाया।
- 2003 - अमेरिकी राष्ट्रपति जार्ज बुश ने गर्भपात पर रोक सम्बन्धी विधेयक पर हस्ताक्षर किया। राष्ट्रपति चंद्रिका कुमारतुंगा श्रीलंका में आपातकाल की घोषणा वापस ली।
- 2005 - पाकिस्तान और अमेरिका एफ़-16 विमान टालने पर सहमत हुए। फ़्रांस ने हिंसा करने वालों के ख़िलाफ़ फतवा जारी किया।
- 2006 - भारत और आसियान विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास के लिए एक फ़ंड बनाने पर सहमत हुए।
- 2008 - बिहार के जनतादल (यूनाइटेड) के लोकसभा सदस्यों ने अपने पद से इस्तीफ़ा दिया। कश्मीर के प्रसिद्ध कवि रहमान राही को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया गया।
- 2012 - ग्वाटेमाला में भूकंप, 52 की मौत।
- 7 नवंबर को जन्मे व्यक्ति
- 1832 - पंडित विश्वंभर नाथ - प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ कार्यकर्ता
- 1858 - बिपिन चन्द्र पाल - स्वतन्त्रता सेनानी, शिक्षक, पत्रकार, लेखक
- 1888 - चंद्रशेखर वेंकट रामन - वैज्ञानिक
- 1900 - एन.जी. रंगा - प्रमुख कृषक नेता तथा सांसद।

## विशेष आलेख

# बीज पर अधिकार, अन्नदाता की आज़ादी का सवाल



प्रो. आरके जैन

भारत एक कृषि प्रधान देश है, जिसकी सभ्यता की नींव मिट्टी और बीज से गहराई से जुड़ी हुई है। सदियों से किसान अपनी भूमि पर देशी बीज बोकर न केवल अन्न उत्पन्न करता आया है, बल्कि प्रकृति के साथ संतुलन और सामंजस्य भी बनाए रखता आया है। परंतु आज वही बीज, जो कभी स्वावलंबन और आत्मगौरव का प्रतीक था, धीरे-धीरे पराधीनता और निर्भरता का प्रतीक बनता जा रहा है। यह केवल खेती का संकट नहीं, बल्कि राष्ट्र की स्वतंत्रता, आत्मनिर्भरता और अस्तित्व से जुड़ा गंभीर प्रश्न है। पिछले कुछ दशकों में कृषि के क्षेत्र में वैज्ञानिक प्रगति के नाम पर अनेक बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने जेनेटिक और हाइब्रिड बीजों का व्यापक प्रचार किया। उच्च उपज के आकर्षक दावों ने किसानों को अपनी पारंपरिक, देशी बीजों से दूर कर दिया। परिणामस्वरूप, किसान धीरे-धीरे बाजार से खरीदे गए बीजों पर निर्भर हो गए और देशी बीजों की हजारों दुर्लभ किस्में लुप्त हो गईं। इन कंपनियों ने बीजों पर पेटेंट और ट्रेड सीक्रेट के अधिकार स्थापित कर लिए, जिससे किसान अपनी ही भूमि पर उगाए बीजों को अगली फसल के लिए सुरक्षित नहीं रख सकता। अब बीज किसान की धरोहर नहीं रहा वह बाजार की वस्तु बन चुका है। यह स्थिति केवल कृषि की स्वतंत्रता ही नहीं, बल्कि अन्नदाता की आत्मनिर्भरता के लिए भी गंभीर चुनौती है। देशी बीज सदियों की परंपरा और अनुभव से विकसित हुए हैं। ये बीज स्थानीय मिट्टी, जलवायु और पर्यावरण के अनुरूप ढले होते हैं। इनमें स्वाभाविक रोग-प्रतिरोधक क्षमता होती है, जिसके कारण ये कम पानी, कम खाद और न्यूनतम कीटनाशकों के उपयोग से भी उत्तम उपज प्रदान करते हैं। देशी बीज न केवल फसल की विविधता को सुरक्षित रखते हैं, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन और जैविक समृद्धि को भी बनाए रखते हैं। इसके विपरीत, जेनेटिक और हाइब्रिड बीज प्रयोगशालाओं में कृत्रिम रूप से तैयार किए जाते हैं। ये बीज मौसम के बदलावों के प्रति अत्यंत संवेदनशील होते हैं और बार-बार रासायनिक खाद, कीटनाशक तथा नई तकनीक की मांग करते हैं। परिणामस्वरूप, खेती की लागत बढ़ती है, मिट्टी की उर्वरता घटती है और किसान ऋणग्रस्त होकर आर्थिक, सामाजिक और मानसिक संकटों से जूझने को मजबूर हो जाता है। भारतीय पेटेंट अधिनियम, 1970 की धारा 3(झ) पौधे और जन्तु पूर्ण या अंशतः, पौधों या जन्तुओं की किस्में, बीज, जैविक प्रक्रियाएँ जिनमें सूक्ष्मजीवों को छोडक़र कोई भी आविष्कार पेटेंट योग्य नहीं है। इसके बावजूद अनेक कंपनियाँ बीज निर्माण की प्रक्रिया के नाम पर पेटेंट लेकर न केवल कानून की भावना का उल्लंघन कर रही हैं, बल्कि किसानों के पारंपरिक अधिकारों पर भी कुठाराघात कर रही हैं। यह केवल कानूनी हेरफेर नहीं, बल्कि अन्नदाता की स्वतंत्रता पर एक गहरा प्रहार है। बीज मानवता की सामूहिक धरोहर हैं इन्हें किसी निगम या कंपनी की निजी संपत्ति नहीं बनाया जा सकता। बीजों पर नियंत्रण का अर्थ केवल कृषि पर अधिकार नहीं, बल्कि खाद्य सुरक्षा, नीति निर्धारण और अंततः मानव स्वतंत्रता पर नियंत्रण है। जब किसी राष्ट्र के बीज बाहरी शक्तियों के अधीन हो जाते हैं, तब उसकी आत्मनिर्भरता, स्वाभिमान और अस्तित्व—सब खतरे में पड़ जाते हैं। जेनेटिक बीजों के प्रसार ने रासायनिक खेती को बढ़ावा दिया है। रासायनिक खादों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की संरचना नष्ट हो रही है, उसकी जीवनदायिनी शक्ति क्षीण होती जा रही है। भूजल विषाक्त हो रहा है और खेतों की जैव विविधता तेजी से समाप्त हो रही है। एकरूप बीजों की खेती से मिट्टी के आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्वों का संतुलन बिगड़ जाता है। इसके विपरीत, देशी बीज मिट्टी की उर्वरता और प्राकृतिक जीवंतता को बनाए रखते हैं, क्योंकि वे स्थानीय जलवायु, मिट्टी और जैविक तंत्र के साथ सामंजस्य में विकसित हुए हैं। इन बीजों में जलवायु परिवर्तन का सामना करने की अद्भुत क्षमता होती है — वे सूखे, बाढ़ या तापमान के उतार-चढ़ाव जैसी विपरीत परिस्थितियों में भी स्थिर उत्पादन देने में सक्षम हैं। यह वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित सत्य है कि देशी बीज केवल परंपरा की पहचान नहीं, बल्कि सतत कृषि, पर्यावरणीय संतुलन और वैज्ञानिक स्थायित्व के प्रतीक हैं। आज अनेक किसान बीज, खाद और कीटनाशक कंपनियों की पकड़ में जकड़ चुके हैं। हर फसल के साथ उन्हें नया बीज खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है, जिससे खेती की लागत बढ़ती है और आमदनी लगातार घटती जाती है। जब फसल असफल होती है, तो किसान के पास न तो बीज बचता है, न ही कर्ज चुकाने की सामर्थ्य। परिणामस्वरूप, खेती जो कभी गर्व और समृद्धि का प्रतीक थी, अब घाटे और निराशा का प्रतीक बनती जा रही है। इस स्थिति में शहरों के लोगों की भूमिका भी कम नहीं है। हम उपभोक्ता जब केवल सस्ते दाम देखकर वस्तुएँ चुनते हैं, तो अनजाने में उस व्यवस्था को सशक्त करते हैं जो किसानों की स्वतंत्रता और स्वावलंबन छीन रही है। हमें यह समझना होगा कि थोड़ा अधिक मूल्य देकर खरीदा गया देशी अनाज केवल भोजन नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मनिर्भरता, किसानों की गरिमा और स्वदेशी संस्कृति के संरक्षण में हमारा छोटा परंतु महत्वपूर्ण योगदान है। अब वह समय आ गया है जब बीज स्वराज को केवल एक विचार नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में अपनाया जाए। हर गाँव में ऐसे बीज बैंक स्थापित किए जाएँ, जहाँ किसान अपने देशी बीजों को सुरक्षित रखें, उनका आदान-प्रदान करें और इस धरोहर को आने वाली पीढियों तक पहुँचाएँ। सरकार को चाहिए कि वह देशी बीजों के संरक्षण और पुनरुत्थान के लिए ठोस नीतियाँ बनाए, तथा स्कूलों और विश्वविद्यालयों में जैव विविधता संरक्षण को शिक्षा का अभिन्न हिस्सा बनाया जाए। शहरों में भी बीज बालकनी और किचन गार्डन जैसी पहलें लोगों को इस अभियान से जोड़ सकती हैं। जब हर नागरिक यह अनुभव करेगा कि बीज केवल किसान की नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझा धरोहर है, तब यह आंदोलन राष्ट्र की आत्मनिर्भरता, पर्यावरणीय संतुलन और सांस्कृतिक अस्मिता का सशक्त प्रतीक बन जाएगा। बीज केवल अन्न का स्रोत नहीं, बल्कि हमारी स्वतंत्रता, परंपरा और भविष्य का सजीव प्रतीक है। जब तक बीज हमारे अपने हाथों में रहेगा, तब तक हमारी थाली की रोटी, भूमि की उर्वरता और स्वाभिमान की जड़ें सुरक्षित रहेंगी। परंतु जिस दिन बीज किसी कंपनी की तिजोरी में बंद हो गया।

# इसरो का बाहुबली विज्ञान और संकल्प की उड़ान

*सबसे बड़ी बात यह है कि यह उपग्रह 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में एक सशक्त पहल है। दूसरे शब्दों में कहें तो जीसैट-7आर परियोजना, भारत के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' अभियानों की भावना को साकार करती है।*



सुनील कुमार महला

इसरो ने अपने सबसे भारी संचार उपग्रह सीएमएस-03 (जीसैट 7 आर) को एलवीएम3-एम5 रॉकेट के माध्यम से श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 02 नवंबर 2025 को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया है, जिसे 'बाहुबली रॉकेट' (43.5 मीटर ऊंचा और करीब 640 टन वजनी एलवीएम-3 रॉकेट) नाम दिया गया है। उल्लेखनीय है कि इसरो ने 2019 में नौसेना के लिए इस उपग्रह के विकास के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे, जो 2013 में प्रक्षेपित किए गए जीसैट-7 रुक्मिणी की जगह लेगा। यहां पाठकों को बताता चलूं कि इस रॉकेट में दो एस-200 ठोस बूस्टर, एल-110 द्रव ईंधन वाला कोर स्टेज और सी-25 क्रायोजेनिक इंजन लगा है, जो इसे भारत का सबसे शक्तिशाली लॉन्च वाहन बनाता है। सबसे बड़ी बात यह है कि यह उपग्रह 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में एक सशक्त पहल है। दूसरे शब्दों में कहें तो जीसैट-7आर परियोजना, भारत के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' अभियानों की भावना को साकार करती है। यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि सीएमएस-03 की सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि भारत अब भारी उपग्रहों के प्रक्षेपण में भी विश्व स्तरीय स्तर पर खड़ा हो चुका है, और भविष्य में यह क्षमता मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशनों तथा गहरे अंतरिक्ष अभियानों के लिए मजबूत आधार बनेगी। दूसरे शब्दों में कहें तो इस कामयाबी से इसरो को आगामी महत्वाकांक्षी अभियानों के लिए जरूरी आत्मविश्वास भी मिल सकेगा।बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि यह मिशन भारत के लिए एक ऐतिहासिक कदम है, क्योंकि पहली बार इतनी भारी क्षमता वाला संचार उपग्रह पूरी तरह स्वदेशी प्रक्षेपण यान से भू-सामान्य स्थानांतरण कक्षा (जीटीओ) में स्थापित किया गया। इस उपग्रह का वजन लगभग 4,410 किलोग्राम है, और यह भू-समकालिक स्थानांतरण कक्षा (जीटीओ) में स्थापित किया गया है। ध्यातव्य है कि एलवीएम 3 रॉकेट को 'बाहुबली' के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि यह भारी वजन के उपग्रहों को अंतरिक्ष में भेजने की क्षमता रखता है। एलवीएम-3 रॉकेट की तीन चरणीय संरचना में दो ठोस रॉकेट बूस्टर एस-200, एक एल 110 और एक क्रायोजेनिक चरण सी-25 शामिल हैं। यह रॉकेट इसरो को 4,000 किलोग्राम से अधिक वजन वाले उपग्रहों को जीटीओ तक भेजने में सक्षम बनाता है, जिससे भारत को विदेशी देशों से उपग्रह प्रक्षेपण सेवाएं प्राप्त करने पर निर्भरता कम होती है। गौरतलब है कि इस रॉकेट के पिछले सफल मिशन में चंद्रयान-3 का प्रक्षेपण शामिल था, जिससे भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतरने वाला पहला देश बना। बहरहाल, यदि हम यहां पर सीएमएस-03 उपग्रह की बात करें तो यह एक मल्टी-बैंड संचार उपग्रह है, जिसे भारत की संचार अवसंरचना बेहतर बनाने के लिए भेजा गया है। वास्तव में, यह उपग्रह कई सेवाओं के लिए किफायती और प्रभावी तरीके से जीटीओ में स्थित होगा, जिससे भारत की दूरसंचार और संचार सेवाओं में सुधार होगा।

## लघुकथा — बढ़ता राजस्थान



**उसकी ज़रूरत :** उसके मन में चल रहा अंतर्द्वंद चेहरे पर सहज ही परिलक्षित हो रहा था। वह अपनी पत्नी के बारे में सोच रहा था, चार साल हो गए इसकी बीमारी को, अब तो दर्द का अहसास मुझे भी होने लगा है, इसकी हर चीख मेरे गले से निकली लगती है।...और उसने मु_ी भींच कर दीवार पर दे मारी, लेकिन अगले ही क्षण हाथ खींच लिया। कुछ मिनटों पहले ही पत्नी की आँख लगी थी, वह उसे जगाना नहीं चाहता था। वह वहीं ज़मीन पर बैठ गया और फिर सोचने लगा, सारे इलाज कर लिये, बीमारी बढती जा रही है, क्यों न इसे इस दर्द से हमेशा के लिए छुटकारा...? नहीं... लेकिन... आखिरकार उसने दिल कड़ा कर वह निर्णय ले ही लिया, जिस बारे में वह कुछ दिनों से सोच रहा था। घर में कोई और नहीं था, वह चुपचाप रसोई में गया, पानी का गिलास भरा और अपनी जेब से कुछ दिनों पहले खरीदी हुई ज़हर की पुडिया निकाली। पुडिया को देखते ही उसकी आँखों में आँसू तैरने लगे, लेकिन दिल मज़बूत कर उसने पानी में ज़हर डाल दिया और एक चम्मच लेकर कांपते हाथों से उसे घोलने लगा। रसोई की खिडक़ी से बाहर कुछ बच्चे खेलते दिखाई दे रहे थे, उनमें उसका पोता भी था, वह उन्हें देखते हुए फिर पत्नी के बारे में सोचने लगा, इसकी सूरत अब कभी... इसके बिना मैं कैसे रहूँगा? तभी खेलते-खेलते एक बच्चा गिर गया और उस बच्चे के मुंह से चीख निकली। चीख सुनते ही वह गिलास फैंक कर बाहर भागा, और पोते से पूछा, क्या हुआ बेटा? पोते ने उसे आश्चर्य से देखा, क्योंकि पोता तो गिरा ही नहीं था, अलबत्ता गिलास ज़रूर वाशबेसिन में गिर कर ज़हरीले पानी को नाली में बहा चुका था। ...और वह भी चैन की सांस लेकर अंदर लौट आया।

## हैल्थ टिप्स — बढ़ता राजस्थान

# स्मोक न करने वालों को भी हो रहा लंग कैंसर, जानें इसके कारण, लक्षण और बचाव के उपाय

लंग कैंसर एक गंभीर बीमारी है जिसके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल नवंबर माह को नेशनल लंग कैंसर मंथ के रूप में मनाया जाता है। आमतौर पर लोगों को लगता है कि सिगरेट और तंबाकू का सेवन करने वाले लोगों में लंग कैंसर का खतरा ज्यादा होता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स भी स्मोकिंग को लंग कैंसर का सबसे बड़ा कारण मानते हैं। हालांकि, भारत में धूम्रपान न करने वाले लोगों में भी फेफड़ों के कैंसर के खतरे तेजी से बढ़ रहे हैं।

**लंग कैंसर के लक्षण :** गैर-धूम्रपान करने वालों में फेफड़ों के कैंसर के शुरुआती लक्षण अक्सर मामूली लगते हैं और सामान्य सर्दी-खांसी या फेफड़ों की अन्य बीमारियों से मिलते-जुलते होते हैं। इनमें लगातार खांसी, खांसी में खून आना, सांस लेने में तकलीफ, छाती में दर्द, वजन घटना, थकावट और बार-बार फेफड़ों में संक्रमण शामिल हैं। चूंकि ये लक्षण जल्दी पहचान में नहीं आते, इसलिए रोग अक्सर एडवांस स्टेज में पता चलता है, जिससे उपचार चुनौतीपूर्ण हो जाता है।

**लंग कैंसर से बचाव के उपाय :** धूम्रपान न करने वाले भी फेफड़ों के कैंसर से बचाव के लिए कुछ सावधानियां अपना सकते हैं। सबसे जरूरी है वायु प्रदूषण से बचाव। घर और कार्यस्थल में अच्छी वेंटिलेशन रखें, कमल प्रदूषित क्षेत्रों में एयर प्यूरीफायर का उपयोग करें तथा मास्क पहनें। लकड़ी या कोयला जलाने से बचें या साफ ईंधन का इस्तेमाल करें। अगर नौकरी में खतरनाक धूल व गैसें मौजूद हैं तो सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग अनिवार्य करें।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको अपनी संतान की संगति पर थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है, जो लोग किसी से प्रेम करते हैं, वह अपने प्रेम का इजहार कर सकते हैं।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए कोई ऊर्जावान रहने वाला है। आप अपने मन में किसी के प्रति ईर्ष्या की भावना ना रखें। यदि आप किसी के लिए अच्छा सोचते हैं, जिससे कि आप भी पॉजिटिव रहेंगे।

**मिथुन**
आज का दिन आपके आपके लिए सेहत के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। आपको कोई आंखों से संबंधित समस्या हो सकती है और आपका खर्चों मे बढ़ोतरी होने से आपका मन परेशान रहेगा।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए आय को बढ़ाने वाला रहेगा। आपको पुराने काम से अच्छा लाभ मिलेगा और धन को लेकर यदि कोई काम रुका हुआ था, तो उसे भी आप पूरा करने की पूरी कोशिश करेंगे।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपके रुके हुए काम आसानी से पूरे होंगे और किसी कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामले से भी पीछा छूटेगा।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। तरक्की की राह में आगे बढ़ेंगे। रोजगार को लेकर परेशान चल रहे लोगों को भी कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपका बिजनेस पहले से बेहतर चलेगा। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों को पहचानकर चलने की आवश्यकता है।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए किसी नयी नौकरी के लिए बेहतर रहेगा। यदि आपकी कोई प्रिय वस्तु खो गयी थी, तो उसकी आपको मिलने की पूरी संभावना है।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए धन संबंधित मामले में कुछ कमजोर रहेगा, क्योंकि आपका धन कहीं फंस सकता है, इसलिए आपको सोच समझकर लाभ के चक्कर में पडऩे से बचना होगा।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए बढिय़ा रहने वाला है। आपको कुछ नए कामों से एक पहचान मिलेगी। राजनीति में भी आपकी अच्छी छाप रहेगी, लेकिन आप शीघ्रता और भावुकता में कोई निर्णय लेने से बचें।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए किसी नए मकान, दुकान आदि की खरीदारी के लिए अच्छा रहने वाला है। आपको अपने घरेलू कामों को निपटाना होगा। आपको व्यापार में व्याकाग्रता बढ़ेगी।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए हौसला लेकर आने वाला है और आपका रोजगार भी बढिय़ा चलेगा। आपको किसी नेत्र संबंधित समस्या को लेकर भागदौड़ बनी रहेगी। परिवार में भी कुछ समस्याएं फिर से सिर उठाएंगी।

## गृह राज्यमंत्री बेढम, नागरिक उड्डयन मंत्री गौतम दक व विधायक गोठवाल को ज्योतिष सम्मेलन का निमंत्रण





बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला मुख्यालय पर 14 दिसम्बर को 'मां कामाक्षा ज्योतिष शोध संस्थान' द्वारा होने वाले अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष महासम्मेलन व धर्म संसद के लिए राजस्थान सरकार के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन मंत्री गौतम कुमार दक व खण्डार के क्षेत्रीय विधायक जितेन्द्र गोठवाल को बतौर अतिथि आमंत्रित किया गया।

सम्मेलन के मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर ज्योतिष सम्मेलन के आयोजक अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिषाचार्य पं.ताराचंद शास्त्री (सवाई माधोपुर),श्रीकृष्णा ज्योतिष शोध संस्थान के संस्थापक आचार्य पं.भरतलाल शास्त्री ( जयपुर), मनोज पाराशर , राष्ट्रीय संयोजक विप्र संवाद ब्राह्मण समाज, सवाई माधोपुर और परशुराम शर्मा जी ,समाज सेवी, जयपुर उपस्थित रहे। सम्मेलन के आयोजक संस्थान के अध्यक्ष ज्योतिषाचार्य पंडित ताराचंद शास्त्री ने बताया कि इस निःशुल्क ज्योतिष महासम्मेलन मे देश-विदेश से ज्योतिष,वास्तु,तंत्र-मंत्र,आयुर्वेद, टैरो कार्ड,कर्म-कांड,कथावाचक और हस्तरेखा आदि से संबंधित करीब 300 विद्वान भाग लेंगे। यह कार्यक्रम एक दिवसीय होगा ! सम्मेलन में सभी भाग लेने वाले सभी विद्वानों को दुपट्टा, प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया जाएगा।

सडक सुरक्षा अभियान की तैयारियों की समीक्षा बैठक

# जिले में सभी सडक़ दुर्घटनाओं का ऑडिट करवाया जाएगा: जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले में होने वाली सभी सडक़ दुर्घटनाओं का विभिन्न मानकों के आधार पर ऑडिट करवाया जाएगा,ताकि इन घटनाओं के लिए जिम्मेदार संबंधित विभागीय अधिकारियों अथवा एजेंसियों के खिलाफ समुचित कार्रवाई की जा सके। जिला कलक्टर काना राम ने इस संबंध में सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक में सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिले में कोई भी सडक़ हादसा होने पर किसी भी स्तर पर लापरवाही, अकर्मण्यता अथवा गलती के लिए दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

जिला कलक्टर ने गुरुवार को कहा कि अभियान के दौरान सडक़ सुरक्षा से जुड़े विभागों के अधिकारियों के संयुक्त निगरानी दल गठित किए जाएंगे, जो विभिन्न स्तर पर निगरानी कर यह सुनिश्चित करेंगे कि अभियान की गतिविधियों में कोई लापरवाही नहीं रहे।

इस अभियान का उद्देश्य आम लोगों, वाहन चालकों, पुलिस, सडक़ एवं राजमार्ग प्रबंधन, परिवहन, सार्वजनिक निर्माण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, नगर विकास एवं स्थानीय शासन आदि विभागों तथा टूर एवं ट्रांसपोर्ट कंपनियों, वाहन चालक संगठनों और स्वयंसेवी संगठनों को बेहतर तथा दुर्घटना-रहित यातायात के लिए जागरूक करना है। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी वाहन चालकों को एक्सप्रेस वे, राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों और शहरी क्षेत्रों में अपनी लेन और सुरक्षित निर्धारित गति पर ड्राइविंग करने की समझाइश की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस, हाइवे यातायात तथा परिवहन विभागों के अधिकारी लेन ड्राइविंग सुनिश्चित कराएं। सभी वाहनों पर वाहन संख्या और रिफ्लेक्टर आवश्यक रूप से मौजूद हो।

उन्होंने इन नियमों को तोडने वाले वाहनों पर तत्काल चालान की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। काना राम ने कहा कि अभियान से सम्बन्धी सभी विभागों के अधिकारी अपनी भूमिका सतर्कता के साथ निभाएं। इस दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही होने पर गंभीर और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिला पुलिस अधीक्षक अनिल बेनीवाल ने कहा कि सुरक्षित यातायात के लिए सभी लोगों को पुलिस का सहयोग करना चाहिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अनिल कुमार जैमिनी ने बताया कि सडक़ सुरक्षा अभियान के दौरान जिले में कई स्थानों पर वाहन चालकों की आंखों की जांच के लिए निशुल्क शिविर लगाए जाएंगे। ये शिविर टूर और ट्रांसपोर्ट कंपनियों, वाहन चालक संगठनों तथा इस विषय से जुड़े विभागों और एजेंसियों के सहयोग से निर्धारित स्थानों लगाए जाएंगे। कलक्टर काना राम ने बताया कि शिविरों में चालकों की आंखों की जांच के साथ ही हाइपर टेंशन, उच्च रक्तचाप, नशीले पदार्थों के सेवन की आदत आदि की भी जांच की जाएगी और उनकी अच्छे स्वास्थ्य और सुरक्षित ड्राइविंग के लिए समझाइश की जाए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कस्वा, सीओ सिटी उदयसिंह मीना, यातायात डिप्टी पिन्टू कुमार मीना, परिवहन निरीक्षक हनुमान प्रसाद मीना सहित सडक़ सुरक्षा से संबंधित सभी विभागों, एजेंसियों और संगठनों के अधिकारी तथा प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## तालाब की गंदगी एवं सौन्दर्यकरण को लेकर न्यायाधीश ने लिया संज्ञान




बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश दिनेश कुमार जलुथरिया ने की शास्त्रीनगर टोंक स्थित किदवई पार्क के समीप मंदिर की दीवार के पास बने अस्वच्छ तालाब, जहाँ गंदे पानी की निकासी बिना किसी उचित व्यवस्था की जा रही है, जिससे क्षेत्र में असहनीय दुर्गंध, मच्छरों का प्रकोप तथा जनस्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं, के संबंध में षिकायत प्राप्त होने पर तुरन्त संज्ञान लेते हुए संबंधित प्रकरण को जनहित एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़ा हुआ मानते हुए, जिला कलेक्टर, टोंक को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया है। सचिव द्वारा जिला कलेक्टर टोंक को निर्देश दिए गए हैं कि नगर परिषद टोंक के माध्यम से आबादी के बीच स्थित उक्त तालाब की तत्काल सफाई, गंदे पानी की निकासी की वैज्ञानिक व्यवस्था, चारदीवारी निर्माण एवं सौन्दर्यकरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही जिला कलेक्टर को निर्देशित किया गया है कि वे इस संबंध में की गई समस्त कार्यवाही का विस्तृत प्रतिवेदन एवं फोटो साक्ष्य सहित रिपोर्ट सात दिवस के भीतर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक को प्रस्तुत करें।

## विधिक सेवा सप्ताह के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान




**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर की सचिव समीक्षा गौतम द्वारा विधिक सेवा सप्ताह के तहत गुरुवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मानटाउन सवाई माधोपुर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया ।

सचिव समीक्षा गौतम ने बताया कि 9 नवंबर 2025 तक विधिक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। विधिक सेवा सप्ताह के तहत नालसा एवं रालसा द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं, साइबर अपराधों की रोकथाम, बाल विवाह के दुष्परिणामों, घरेलू हिंसा एवं शोषण, जबरन श्रम, निःशुल्क विधिक सलाह एवं सहायता, नालसा हेल्पलाइन 15100, नालसा पोर्टल, राजस्थान पीडित प्रतिकर योजना, मध्यस्थता कानूनो, स्थाई लोक अदालत, राष्ट्रीय लोक अदालत, पोश एक्ट, पोक्सो एक्ट, पर्यावरण संरक्षण एवं विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों के संबंध में आमजन को जागरूक करने हेतु विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

सचिव समीक्षा गौतम ने छात्रों को बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पात्र व्यक्तियों को मुक्त कानूनी सलाह, सहायता एवं अदालती कार्यवाही में प्रतिनिधित्व प्रदान करता है, नियमित रूप से लोक अदालत का आयोजन करता है जहां विवादों को सुलझाने में मदद की जाती है, कानूनी साक्षरता कार्यक्रम आयोजित करता है, ताकि लोग अपने अधिकारों एवं कानूनी प्रक्रियाओं के बारे में जागरूक हो सके। इस अवसर पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के सदस्य आयुष ताजी द्वारा उपस्थित छात्रों को बालविवाह के दुष्परिणामों, बाल विवाह के मामले में सजा का प्रावधान, बालविवाह की शिकायत के निवारण में विधिक सेवा प्राधिकरण की भूमिका, पोक्सो एक्ट 2012 आदि के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान अधिकार मित्र मुकेश कुमार शर्मा, धनराज मीणा, रणवीर चौधरी एवं प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर जोशी उपस्थित रहे।

## ब्यावर -भरतपुर ग्रीन एक्सप्रेस वे : सवाई माधोपुर सहित कई जिलों से गुजरेगा नया एक्सप्रेस-वे

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जयपुर से होकर गुजरने वाले 342 किलोमीटर लंबे ब्यावर-भरतपुर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है। टोंक, दौसा के बाद अब जयपुर जिले में भी नए एक्सप्रेस-वे के लिए जमीन अधिग्रहण की तैयारी शुरू हो गई है। ऐसे में फागी और माधोराजपुरा तहसील के 24 गांवों में जमीन के खरीद बेचान पर रोक लग गई है।जिला कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी ने फागी और माधोराजपुरा तहसील से गुजरने वाले एक्सप्रेस-वे के कारण 24 गांवों की जमीन की खरीद बेचान पर रोक लगा दी है। इसके लिए जिला कलेक्टर ने फागी और चाकसू एसडीएम व तहसीलदार को लेटर भेजा है। बता दें कि 24 गांवों की करीब 400 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण की संभावना है।

**जल्द शुरू होगा सर्वे का काम:** जयपुर जिला कलेक्टर ने पत्र भेज कर बताया है कि ब्यावर से भरतपुर तक प्रस्तावित ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के निर्माण के अन्तर्गत आने वाले 24 गांवों में भूमि रूपान्तरण, बिक्री और खरीद की अनु?मति नहीं दी जाए। इन आदेशों की कठोरता से पालना करें। माना जा रहा है कि अब जल्द ही सर्वे का कार्य शुरू होगा।

### इन जिलों से गुजरेगा नया एक्सप्रेस-वे

भरतपुर-ब्यावर एक्सप्रेस-वे अजमेर, जयपुर, टोंक, दौसा, सवाईमाधोपुर जिले से होते हुए निकलेगा। यह एक्सप्रेस-वे ब्यावर के नेशनल हाईवे 58 से शुरू होकर, मसूदा, बांदनवाड़ा, भिनाय, नागोला, केकड़ी, फागी, माधोराजपुरा, टोडारायसिंह, निवाई, लालसोट, निर्झरना, गंगापुर सिटी होते हुए भरतपुर में नेशनल हाईवे 21 पर जाकर मिलेगा। 342 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेस-वे 14 हजार 10 करोड़ रुपए की लागत से तैयार होगा। इसके लिए 3175 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण होगा।

## ग्राम सेवा शिविर में किया समस्याओं का निस्तारण, वितरित हुए आबादी भूमि पट्टे



बढ़ता राजस्थान

**नगर फोर्ट/टोंक (कमलेश गौतम)।** नगर फोर्ट तहसील की ग्राम पंचायत कचरावता में ग्राम सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर फोर्ट तहसीलदार, कचरावता सरपंच दिलीप सिंह, ग्राम विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। सरपंच दिलीप सिंह ने बताया कि शिविर के दौरान ग्राम पंचायत की ओर से आबादी भूमि के पट्टे वितरित किए गए, नरेगा जॉब कार्डों की केवाईसी की गई तथा ग्रामीणों की कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

## टोंक में होगा कला कुम्भ का भव्य आयोजन आज से

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** अंतरंग एजुकेशन एवं वेलफेयर सोसाइटी टोंक के तत्वाधान में प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी 7 नवंबर से 9 नवंबर तक 19 वें अंतरराष्ट्रीय कला पर्व क्रेयान्स का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में देश-विदेश के लगभग 500 से अधिक कलाकार भाग लेंगे तथा चित्रकला, मूर्तिकला आदि का प्रदर्शन करेंगे। कलापर्व प्रवक्ता शैलेन्द्र शर्मा ने बताया कि इस वर्ष कार्यक्रम में भाग लेने के लिये लगभग 500 कलाकारों का रजिस्ट्रेशन हुआ है। कलापर्व में भारत सहित नेपाल, रूस आदि देशों के कलाकार शिरकत करेंगे। भारत के राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, झारखंड, बिहार, उत्तराखंड, दिल्ली एवं असम आदि राज्यों के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कलाकार इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेंगे।

इसके साथ ही राजस्थान के जयपुर, उदयपुर, कोटा, बीकानेर, बांसवाड़ा, अजमेर, किशनगढ़, नाथद्वारा, सीकर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ एवं टोंक आदि स्थानों के कलाकार इस कला कुम्भ में डुबकी लगायेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला प्रमुख सरोज बंसल होगी।

## सडक़ सुदृढ़ीकरण की मांग को लेकर ठिकरिया बरवाड़ा मार्ग पर लगाया जाम

बढ़ता राजस्थान



**उनियारा/टोंक (आनंद गौतम)** ।ठिकरिया गांव में ग्रामीणों ने टोंक से बरवाड़ा मार्ग के सुदृढ़ीकरण की मांग को लेकर ठिकरिया मे गुरुवार को जाम लगा दिया।जिस पर मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने वार्ता व समझाईश कर कार्य शुरू करवाने के बाद जाम खुलवाया।

जानकारी के अनुसार आर एस आर डी सीव सार्वजनिक निर्माण विभाग के माध्यम से टोंक पाउडेरा वाया ठिकरिया रोड ठिकरिया जाटान गांव से गुजर रहा है। यह मार्ग गारंटी समय में है।ओवरलोड ट्रकों के कारण रोड जगह-जगह से क्षतिग्रस्त होकर कई जगह नामोनिशान मिट गया है। जिससे गढ़ों में तब्दील रास्ते के कारण आम जन एवं ग्रामीण गिरकर चोटिल हो रहें थे। यह रास्ता टोंक सवाई माधोपुर की सीमा को जोड़ता है। तथा चौथ माता के बरवाड़ा का सीधा रास्ता है।दिन भर में सैकड़ों यात्री इसी मार्ग से यात्रा करते हैं। ग्रामीणों ने चार डंपरों को रोक कर रोड के किनारे धरना-प्रदर्शन आरम्भ कर दिया जिससे डम्पर फंस गए।जिसके उपरांत थानाधिकारी उनियारा मौके पर पहुंचे।

समझाईश की।उधर ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पीडब्ल्यूडी अधीक्षण अभियंता को जानकारी देने के उपरान्त भी हाईवे पर चलने वाले ओवरलोड ट्रक आम रास्ते पर चल रहे हैं। जिससे गलवा बांध उनियारा जल संसाधन विभाग की नहर भी क्षतिग्रस्त हो चुकी है। गुरुवार सुबह 8 बजे से ठिकरिया जाटान वासियो ने रोड जाम कर दिया।

## आधार नामांकन सेवा केंद्र का शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**उनियारा/टोंक (आनंद गौतम)** ।कार्यालय सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग उनियारा मुख्यालय अलीगढ़ स्थित भारत निर्माण सेवा केंद्र पर आज दिनांक को विधिवत पूजा अर्चना एवं फीता काटकर आधार नामांकन सेवा केंद्र का शुभारम कार्यालय प्रभारी श्रीमती पूजा वस्त्री, उम्मेद सिंह गुर्जर, भरत मीना द्वारा किया गया।

ब्लॉक स्तर पर काफी दिनों से मशीन बंद होने से क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। क्षेत्र में आधार मशीन की मांग पर मशीन संचालन हेतु विभाग द्वारा बार बार उच्चाधिकारियों को पत्र प्रेषित किया गया जिसके परिणाम स्वरूप नामांकन सेवा सुचारू रूप से संचालित हो गई है, जिससे क्षेत्र के सभी लोगों को अनावश्यक दूर नहीं जाना पड़ेगा। केंद्र पर नए नामांकन, बायोमेट्रिक, उम्र, फेस, फोटो अद्यतन का कार्य किया जाएगा। इस दौरान आधार मशीन ऑपरेटर योगेंद्र बैरवा, राकेश गुर्जर, धनराज बैरवा, जितेंद्र खंगार आदि कार्यालय कार्मिक इंजीनियर उपस्थित रहे।

भाजपा जिला कार्यालय पर प्रेस वार्ता

# वंदे मातरम केवल शब्द नहीं, बल्कि भारत की आत्मा है : मेहता

बढ़ता राजस्थान



टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)। राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 7 नवम्बर को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गयाी। इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं कार्यक्रम अजमेर संभाग प्रभारी अजीत सिंह मेहता ने कहा कि वंदे मातरम केवल शब्द नहीं, बल्कि भारत की आत्मा है, जिसने हमें स्वाधीनता का स्वप्न देखने एवं उसे साकार करने की प्रेरणा दी। यह केवल एक दिन का नहीं, बल्कि 7 से 26 नवंबर तक चलने वाला राष्ट्रव्यापी उत्सव है, जिसमें प्रत्येक शैक्षणिक संस्थान की भागीदारी सुनिश्चित हैं। स्वतंत्रता आंदोलन में इस गीत ने हर भारतीय के दिल में आज़ादी की लौ जगाई थी। यही गीत था, जिसने गुलामी की बेडियों में जकड़े देश को आज़ादी की राह दिखाई। आज भी यह गीत हर भारतीय के भीतर देशभक्ति, एकता एवं समर्पण की भावना जगाता है।

भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा इस उपलब्धि को उत्सव के रूप में मना रही है। वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह हमारे राष्ट्र की आत्मा, अस्मिता एवं स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणाशक्ति है। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम प्रत्येक देशवासियों के मन में देशभक्ति, एकता, अखंडता एवं गर्व की भावना को और प्रखर करेगा। चौहान ने कहा कि वंदे मातरम वह राष्ट्रगीत है, जिसने आजादी के आंदोलन के दौरान लाखों भारतीयों को देशभक्ति, त्याग एवं मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना से ओतप्रोत किया। चौहान ने कहा कि 7 नवंबर को बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित वंदे मातरम अपनी रचना के 150 वर्ष पूर्ण कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकास के साथ ही विरासत को संजोने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 7 नवंबर को जयपुर में राज्यस्तरीय कार्यक्रम एवं अजमेर, बीकानेर, उदयपुर, भरतपुर, कोटा, जोधपुर, सीकर, भीलवाड़ा एवं अलवर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजन होंगे। इसके बाद 8 एवं 9 नवंबर को शेष 31 जिलों में प्रभारी मंत्रियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 10 नवंबर को सभी सरकारी कार्यालयों में वंदे मातरम 150 एवं स्वदेशी संकल्प कार्यक्रम रहेगा। 11 नवंबर को नगर निकायों में, 12 नवंबर को पंचायती राज संस्थाओं में, 13 नवंबर को स्कूल व छात्रावासों में, 14 नवंबर को उच्च शिक्षा संस्थानों में, 15 नवंबर को अस्पतालों व पुलिस थानों में कार्यक्रम आयोजन होंगे, साथ ही 7 नवंबर से 26 तक सभी विद्यालयों व महाविद्यालय में वंदे मातरम का सामूहिक वाचन किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम जिला संयोजक राजेंद्र सिंह राणावत, सह-संयोजक शिव सिंह मीणा, कार्यालय सहमंत्री शम्भू शर्मा, पूर्व प्रधान खेमराज मीणा, मनीष बैरवा एवं पंकज पहाडिया आदि मौजूद थे।

# नशा बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़, केमिकल व सामान बरामद

- जांच के लिए जोधपुर व गांधीनगर से पहुंची एनसीबी टीम
- दो दिनों की जांच के बाद भी स्पष्ट नहीं कर पा रही पुलिस

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** रेवदर क्षेत्र के दांतराई में नशीले पदार्थ बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया गया है। हालांकि दो दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस इस बारे में स्थिति क्लीयर करने से कतरा रही है, लेकिन मौके से भारी मात्रा में केमिकल व संदिग्ध सामान बरामद किया गया है। इससे प्रथमदृष्टया नशीली फैक्ट्री का ही अंदेशा जताया गया है। तस्दीक के लिए जोधपुर से नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के अधिकारी भी दांतराई पहुंचे है। कई घंटों की जांच के बाद टीम ने गांधीनगर (गुजरात) से एफएसएल टीम को भी बुला दिया है। वैसे पुलिस अधिकारी इस मामले में स्थिति स्पष्ट करने से कतरा रहे हैं। उनका कहना है कि एनसीबी की जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा। जानकारी के अनुसार दांतराई के समीप कृषि कुएं पर संदिग्ध रासायनिक पदार्थ तैयार किए जाने की पुलिस को सूचना मिली। मंगलवार रात यहां दबिश दी गई थी। कमरे में केमिकल व कुछ सामान बरामद किया गया। सूचना मिलते ही डीएसपी मनोजकुमार व रेवदर थानाधिकारी सीताराम पंवार भी मौके पर पहुंचे और तलाशी ली। सामग्री को संदिग्ध मानते हुए जोधपुर एनसीबी को जानकारी दी गई। यह टीम अब गांधीनगर से आई एफएसएल टीम के साथ मिलकर केमिकल व सामान की जांच कर रही है।





सिरोही. रेवदर के समीप दांतराई में भारी मात्रा में मिला केमिकल व सामान।

### नकली का अंदेशा था नशीला मिल गया

बताया जा रहा है कि स्थानीय पुलिस को यहां नकली सामग्री बनाए जाने की सूचना मिली थी। इस पर पुलिस ने दबिश दी, लेकिन केमिकल व संदिग्ध सामग्री बरामद होने पर मामला कुछ और ही नजर आया। इस पर एनसीबी की टीम भी मौके पर पहुंची। माना जा रहा है कि इस केमिकल से नशीला पदार्थ बनाने की तैयारी चल रही थी।

### काश्त के लिए दे रही है भूमि

बताया जा रहा है कि यह कृषि भूमि कुछ समय पहले रानीवाड़ा निवासी एक व्यक्ति ने खरीदी थी। इसके बाद यह भूमि बाड़मेर निवासी किसी व्यक्ति को खेती करने के लिए दे रखी थी। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कुएं पर बने मकान व कमरे बने हुए हैं। कार्य के लिए एक अंडरग्राउंड बिजली कनेक्शन भी है।

### इस तरह से मिला संदिग्ध सामान

पुलिस को एक कमरे में कुछ मशीनरी व सामग्री बनाने में प्रयुक्त सामान बरामद हुआ है। केमिकल के कुछ ड्रम, फ्रिज, लैब जांच का सामान समेत अन्य सामग्री मिली है। एनसीबी की टीम ने छोटी बड़ी वस्तुओं को मार्क किया। मौके पर करीब 12 घंटे की कार्रवाई के बाद भी जानकारी क्लीयर नहीं हो पाई है। पुलिस का मानना है कि गुरुवार तक सारी स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

### तब पूरी जानकारी देंगे...

“ केमिकल व संदिग्ध सामान मिलने के बाद जोधपुर एनसीबी टीम को सूचना भेजी थी। एफएसएल टीम के साथ एनसीबी अधिकारी जांच कर रहे हैं। स्थिति स्पष्ट होते ही पूरी जानकारी दी जाएगी।

\- सीताराम
थानाधिकारी, रेवदर

## प्लास्टिक मुक्त पंचायत अभियान कोटड़ी पंचायत समिति का अनूठा नवाचार

### प्रधान करण सिंह बेलवा और विकास अधिकारी रामबिलास मीणा के नेतृत्व में प्लास्टिक पर प्रहार



बढ़ता राजस्थान

**कोटड़ी ( नि.स. )।** पंचायत समिति कोटड़ी प्रशासन ने क्षेत्रवासियों से विनम्र अपील की है कि वे अपने क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त पंचायत समिति बनाने में सहयोग करें। इस दिशा में एक कदम आगे बढ़ाते हुए समस्त ग्राम पंचायत स्तर पर प्लास्टिक कचरा लाओ, शक्कर ले जाओ मुहिम के तहत प्लास्टिक संग्रहण रूम स्थापित किए गए हैं। यह स्वच्छता पखवाड़े के दौरान ग्रामीण सेवा शिविरों के तहत प्रारंभ की गई पंचायत समिति स्तर की एक अभिनव पहल है।

इस अभियान में ग्रामीणों, स्कूली बच्चों, भामाशाहों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, विद्यालय प्रशासन, ग्राम पंचायत प्रशासन और नरेगा श्रमिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रधान करण सिंह बेलवा के नेतृत्व और विकास अधिकारी रामबिलास मीणा के निर्देशन में इस नवाचार को प्रत्येक राजस्व ग्राम तक विस्तारित करने का लक्ष्य रखा गया है। मुहिम के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर एकत्रित प्लास्टिक कचरे को पंचायत समिति कोटड़ी एवं ग्राम पंचायत कोटड़ी में लगने वाली प्लास्टिक बॉल मेकिंग मशीन के माध्यम से संसाधित किया जाएगा। इस मशीन से निर्मित प्लास्टिक बॉल को आगे प्लास्टिक उद्योगों में कच्चे माल के रूप में आपूर्ति की जाएगी।

प्रधान करण सिंह बेलवा एवं विकास अधिकारी रामबिलास मीणा ने आमजन, सेवा प्रदाताओं, दुकानदारों, ग्रामीणों, स्थानीय नेताओं, भामाशाहों, ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की है कि वे इस मुहिम को सफल बनाने में अपना योगदान दें। पंचायत समिति की 33 ग्राम पंचायतों को 26 जनवरी 2026 तक पूर्णतः प्लास्टिक एवं पॉलिथीन मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके तहत नवंबर माह में प्रत्येक ग्राम पंचायत को 100 किलो प्लास्टिक पॉलिथीन एकत्रित करनी होगी ताकि मशीन संचालन की प्रक्रिया आरंभ की जा सके। इस परियोजना के लिए पंचायत समिति स्तर पर 16 लाख की लागत से प्लास्टिक रीसाइक्लिंग मशीन स्थापित की जा रही है, जो राजस्थान में एक नवाचार कीर्तिमान बनेगी।

अभियान के तहत सभी विभागों सरकारी व निजी स्कूलों, आंगनवाड़ी केन्द्रों, राजीविका क्लस्टर, बैंकिंग सेवाओं, कृषि, राजस्व, चिकित्सा, सहकारिता, जन स्वास्थ्य, वन, पशुपालन, विद्युत, पुलिस विभागों के साथ-साथ ई-मित्र संचालकों, सामाजिक संगठनों, व्यापारियों, फल व सब्जी विक्रेताओं से भी अपील की गई है कि वे अपने आस-पास से 5 से 10 किलो पॉलिथीन एकत्रित कर ग्राम पंचायत को भामाशाह के रूप में उपलब्ध कराएं।

इस अभियान का उद्देश्य 'अपना गांव प्लास्टिक मुक्त बनाएं' की भावना को साकार करना है। यह मुहिम 02 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 26 जनवरी 2026 तक चलेगी।

## जोधपुर से किराये पर टैक्सी ली और आबूरोड से लूट ले गए

- व्यापार में घाटा होने के बाद इख्तियार किया लूट का रास्ता
- जालोर जिले के तीन युवक नामजद किए, दो गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** आबूरोड रीको थाना पुलिस ने वाहन लूट मामले का राजफाश करते हुए दो आरोपियों को पुलिस ने दबोच लिया। अन्य आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। जालोर जिला निवासी तीन आरोपियों को नामजद किया गया है। आरोपी जोधपुर से टैक्सी किरोय पर लेकर आए थे। आबूरोड में चालक को नीचे उतारा तथा टैक्सी कार लूट ले गए। पुलिस ने दो ही दिनों में कार बरामद कर ली। पुलिस के अनुसार गत 3 नवम्बर को जोधपुर निवासी सुरेश कुमावत ने रिपोर्ट देकर बताया कि 2 नवम्बर की रात जोधपुर रेलवे स्टेशन के पास वह कार लेकर खड़ा था। रात करीब एक बजे तीन लोग आए तथा आबूरोड के लिए उसकी टैक्सी किराए पर ली। वह तीनों को लेकर आबूरोड आया, लेकिन यहां अम्बाजी रोड पर सुनसान जगह ले जाकर तीनों सवारियों ने उसे धमकाते हुए पैसे मांगे। उसके पास कुछ नहीं मिला तो नीचे उतार तथा कार लेकर भाग गए। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की तथा आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।



### पुलिस जालोर से बरामद कर लाई कार

पुलिस के अनुसार रीको थानाधिकारी लक्ष्मणसिंह चम्पावत के नेतृत्व में गठित टीम ने सियावा से कार लूट की वारदात का राजफाश किया। वाहन बरामद कर जालोर जिले में नोसरा थाना क्षेत्र के बाला निवासी गोविन्दराम पुत्र अचलाराम मीणा व बागरा थाना के देलदरी निवासी रविन्द्रसिंह पुत्र दौलतसिंह राजपूत को गिरफ्तार किया।

### घाटा होने पर लूट की गैंग बनाई

पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी रविन्द्रसिंह व घटना में शामिल एक अन्य आरोपी ने बागरा में पानी का आरओ प्लांट शुरू किया था। गोविन्दराम वहां नौकरी करता था। प्लांट नहीं चलने एवं नुकसान होने पर होटल का धंधा किया पर उसमें भी नुकसान हुआ। इसके बाद वे लोग गिरोह बनाकर लूट की वारदतों को अंजाम देने लगे। अलग-अलग जगह से टैक्सी किराए पर लेकर रात में सुनसान जगह लाते एवं टैक्सी चालक से रुपए या टैक्सी लूटकर भाग जाते।



## सांसद खेल महोत्सव आगाज, ग्रामीणों में दिखा उल्लास

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** सांसद खेल महोत्सव का गुरुवार को आगाज किया गया। इस दौरान जिलेभर में कई प्रतियोगिताएं हुई। ग्रामीणों ने इसमें उल्लास से भाग लिया। खाम्बल व डाक गांव में सांसद लुम्बाराम चौधरी ने महोत्सव का आगाज किया। उन्होंने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा ही नहीं बल्कि जीने की एक संस्कृति है। इसमें कोई हारता नहीं या तो जीतता है या सीखता है। भाजपा जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी, कार्यक्रम जिला संयोजक गणपतसिंह राठौड़, रेवदर प्रधान राधिका देवी, लक्ष्मण कोली, सरपंच जेताराम, राधादेवी, दिनेश प्रजापत, ताराराम माली, हार्दिक देवासी, शैतानसिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

## सामूहिक सुंदरकांड पाठ के साथ भैरूधाम गोशाला का हुआ शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**चाकसू ( गिरिराज प्रसाद शर्मा )।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम आनंदरामपुरा के भैरव जी धाम पर बुधवार को गो-सेवा को समर्पित नई गोशाला का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस पावन अवसर पर आसपास के गाँवों से बड़ी संख्या में संत, गो भक्त ग्रामीण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक सुंदरकांड पाठ और गो-पूजन के साथ हुआ। जिसके बाद गोशाला का उद्घाटन बजरंग देवाचार्य महाराज के सानिध्य में सम्पन हुआ । साथ ही बरगद,पीपल,गुलर,तुलसी जैसे पौधे लगाकर देव वाटिका भी तैयार की गई। गोशाला संचालक कमलेश महाराज ने बताया कि इस गोशाला की स्थापना का उद्देश्य लाचार और असहाय गोवंश की सेवा व संरक्षण करना है। उन्होंने कहा कि गोशाला में गौ-चारे चिकित्सा और सेवा की संपूर्ण व्यवस्था की जाएगी पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा व पूर्व पार्षद केदार शर्मा ने बताया कि गो-सेवा हमारे सांस्कृतिक और धार्मिक जीवन का अभिन्न अंग हैं। इस अवसर पर आनंदरामपुरा सरपंच कन्हैयालाल शर्मा, मुकेश चौधरी सरपंच तामड़िया, गोविंद बागडा,अनिल गौतम,ओम जी महाराज ,शंकर रैगर,रोहित सैनी,लालाराम सैनी,आन्दरामपुरा व आसपास के गांव के सभी प्रबुद्ध लोगों के साथ मिलकर सेवा व गोशाला संचालन हेतु संकल्प लिया । कार्यक्रम के अंत में अनकूट प्रसादी का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों और भगतों ने प्रसाद ग्रहण किया ।पूरे दिन यह भैरव धाम परिसर में भक्ति , उत्साह और सेवा भावना का अनुठा माहौल बना रहा ।

## सरगम में मेडिकल छात्रों ने बहाई सुर सरिता

### प्रतियोगिताओं में दिखाया दमखम

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** राजकीय मेडिकल कॉलेज में सरगम-2025 महोत्सव को लेकर छात्रों में उत्साह बना हुआ है। कार्यक्रम के तहत खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। आयोजन समिति के बालाराम व डेलीना शर्मा ने बताया कि कबड्डी, बैडमिंटन, कैरम, शतरंज, वॉलीबाल, क्रिकेट, टेबल टेनिस के मुकाबल रोमांचक रहे। वहीं फैकल्टी क्रिकेट मैच में शिक्षकों ने उत्साह से भाग लिया। कला एवं क्राफ्ट सेक्शन में एनाटॉमी आर्ट और पोस्टर मेकिंग समेत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। परिणाम घोषित होने पर टेबल टेनिस में तुषार महावर व दिव्य पाटीदार, क्रिकेट में बैच 2022, कबड्डी में बैच 2023 व वॉलीबाल में बैच 2024 ने जीत हासिल की। कॉलेज प्राचार्य डॉ.श्रवण मीणा ने कार्यक्रम में कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में एकता, अनुशासन व रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम में डॉ. जेपी कुमावत, डॉ. रविन्द्र खींची, डॉ. हनुमंतसिंह, डॉ. सुरेश बोराणा, डॉ. मुकेश मीणा, डॉ. निशा देवड़ा, डॉ. तृप्ति मीणा, डॉ. अनुपमा पाटनी समेत संकाय सदस्यों का मार्गदर्शन रहा।

## हिन्दुस्तान जिंक की लगातार तीसरे वर्ष एसएंडपी ग्लोबल कॉर्पोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट 2025 में वैश्विक स्तर पर नंबर 1 रैंकिंग

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** भारत का एकमात्र और दुनिया का सबसे बड़ा एकीकृत जिंक उत्पादक, और दुनिया के शीर्ष पाँच चांदी उत्पादकों में से एक, हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड ने 5 नवंबर 2025 तक एसएंडपी ग्लोबल कॉर्पोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट (सीएसए) 2025 में मेटल और माइनिंग क्षेत्र में विश्व में लगातार तीसरे वर्ष पहला स्थान बरकरार रखा है। कंपनी ने लगातार तीसरे वर्ष सस्टेनेबिलिटी में हैट्रिक बनाते हुए मेटल माइनिंग सेक्टर की 235 कंपनियों से अधिक 100 में से 90 सीएसए स्कोर प्राप्त किया जो कि जो पिछले पांच वर्षों में सर्वाधिक है।

**मेटल और माइनिंग सेक्टर की 235 कंपरियों में से इण्डस्ट्री लीडिंग एसएण्डपी ग्लोबल सीएसए 2025 के लिए 90 स्कोर प्राप्त किए**

एसएंडपी ग्लोबल कॉर्पोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट (सीएसए) पर्यावरण, सामाजिक और प्रशासनिक (ईएसजी) प्रदर्शन के आकलन के लिए दुनिया के अग्रणी मानदंडों में से एक है। यह ईएसजी मानदंडों के आधार पर कंपनियों का मूल्यांकन करता है और उनकी सस्टेनेबिलिटी प्रथाओं का एक व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। ये रैंकिंग कंपनियों के लिए अपने ईएसजी प्रदर्शन का आकलन करने, सुदृढ़ीकरण के क्षेत्रों की पहचान और वैश्विक सस्टेनेबिलिटी मानकों के साथ तालमेल बिठाने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में कार्य करती हैं। गत वर्ष, हिन्दुस्तान जिंक ने 2024 के मूल्यांकन के अनुसार 86 अंकों के साथ धातु और खनन उद्योग में वैश्विक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इस वर्ष, हिन्दुस्तान जिंक ने जलवायु रणनीति, सामुदायिक संबंध, अपशिष्ट और प्रदूषकों जैसे प्रमुख मापदंडों में सर्वोच्च अंक प्राप्त किए।

यह मान्यता दुनिया के सबसे स्थायी धातु और खनन संगठन के रूप में कंपनी की स्थिति को मजबूत करती है, जिस पर वैश्विक निवेशकों, भागीदारों और हितधारकों का समान रूप से भरोसा है। कंपनी का निरंतर नेतृत्व पर्यावरण प्रबंधन, नवीकरणीय ऊर्जा परिवर्तन, जल संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन, सुरक्षा और सामाजिक प्रदर्शन में एकीकृत सस्टेनेबिलिटी दृष्टिकोण को दर्शाता है।

इस उपलब्धि पर हिन्दुस्तान जिंक की चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने कहा कि, लगातार तीसरे वर्ष मेटल और माइनिंग क्षेत्र में विश्व की सबसे सस्टेनेबल कंपनी के रूप में मान्यता प्राप्त होना हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। यह मान्यता ईएसजी उत्कृष्टता के प्रति हमारी गहरी प्रतिबद्धता और जिम्मेदार, समावेशी विकास की हमारी निरंतर खोज को दर्शाती है।



## एकता कमेटी की तरफ से 82 बच्चो की खतना की गई



बढ़ता राजस्थान

**भवानीमंडी(अब्दुल सलीम मंसूरी)।** एकता कमेटी सुनेल की जानिब से बड़े मोहल्ले के तकिये में 5 नवंबर बुधवार को कैम्प लगाकर 82 बच्चो की (मुसलमानी) ख़तना की गई। एकता कमेटी सदर नें बताया की सुबह 9 बजे से कैम्प की शुरुआत हुई जिसमे आसपास के गाँव से लोग जिसमे सुनेल ,पिड़ावा,सोयत ,भवानी मंडी ,डग, ,मनोहरथाना,आदि जगह से लोग अपने बच्चों को लेकर आये और कैम्प में (मुसलमानी) ख़तना करवाई। जिसमे सदर हैदर अली ,केशियर शादाब खान ,मीडिया प्रभारी अनस खान और कमेटी के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वाल्मीकि समाज ने मोरपाल जी सुमन के समर्थन में समाज में जनसंपर्क किया



बढ़ता राजस्थान

**अंता (शफीक मंसूरी)।** विधानसभा उपचुनाव को लेकर वाल्मीकि समाज के नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी श्री मोरपाल सुमन जी के समर्थन में समाज के लोगों से जनसंपर्क किया भाजपा नगर मंत्री व बूथ9अध्यक्ष नरेन्द्र पंवार(बंजी) ने बताया कि अंता विधानसभा में उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी मोरपाल जी सुमन के समर्थन में मांगरोल, बमौरी, सीसवाली, बालदडा, बड़वाड़ा, बोहत,कोयला,आदि गांवों में घर घर जाकर जनसंपर्क किया व मोरपाल जी सुमन के पक्ष में अधिक से अधिक वोट डालने की अपील की इस दौरान वाल्मीकि समाज के पूर्व सांसद व राज्यमंत्री श्री गोपाल जी पचेरवाल द्वारा समाज के लोगों को भारतीय जनता पार्टी की रणनीति के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की व भाजपा के पक्ष में शत प्रतिशत वोट करने की अपील की जनसंपर्क के दौरान रवि जी संगत पूर्व सदस्य सफाई कर्मचारी आयोग,राकेश जी सेफला पूर्व जिला अध्यक्ष स्ष्ट मोर्चा,मदन जी पचेरवाल नेता प्रतिपक्ष भाजपा के पाटन नगर पालिका गिरिराज जी पवार समाजसेवी,महेश जी पंवार पार्षद, देवकीनंदन नरवाल पूर्व पार्षद बारां,राहुल जी पवार भाजपा,नरेन्द्र पंवार(बंजी) आदि समाज के लोग साथ थे।

## भीलवाड़ा की हॉकी को अंतरराष्ट्रीय स्तर का एस्ट्रो टर्फ मैदान मिलेगा



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** भारतीय हॉकी की 100 वर्ष की गौरवमयी यात्रा के ऐतिहासिक अवसर पर भीलवाड़ा को अंतरराष्ट्रीय स्तर के एस्ट्रो टर्फ हॉकी मैदान की सौगात मिली है। विधायक अशोक कोठारी के प्रयासों से प्रतापनगर स्कूल के हॉकी मैदान पर इस अत्याधुनिक टर्फ के निर्माण के लिए 5 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। यह उपलब्धि भीलवाड़ा के हॉकी समुदाय की दो दशकों से चली आ रही मेहनत और समर्पण का परिणाम है। इस टर्फ के निर्माण से अब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भीलवाड़ा में तैयार होंगे, जो विश्व पटल पर जिले का नाम रोशन करेंगे। भीलवाड़ा के नन्हे और युवा खिलाडियों के लिए यह सपना साकार होने जैसा है। इस उपलब्धि का श्रेय मुख्य रूप से जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू और शहर के विधायक अशोक कोठारी को दिया जा रहा है, जिनकी सकारात्मक अनुशंसा और निरंतर प्रयासों से यह स्वीकृति संभव हो सकी। घोषणा के बाद पूरे हॉकी समुदाय में उत्साह का माहौल है। भीलवाड़ा हॉकी अकादमी के कोच अजीत जैन ने खिलाडियों और हॉकी प्रेमियों की ओर से जिला कलेक्टर जसमीत संधू और विधायक अशोक कोठारी का विशेष आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रतापनगर स्कूल के पूर्व शारीरिक शिक्षक ओम व्यास, वर्तमान शारीरिक शिक्षक डॉ. तेजराज मेवाड़ा, प्रिंसिपल भानूप्रकाश पारीक और विधायक खेल विकास योजना के विवेक निमावत सहित अन्य मौजूद रहे।

## आज होगी श्री बाबा रामदेवजी की मूर्ति की स्थापना

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** समस्त वाल्मीकि समाज, निंबाहेड़ा द्वारा श्री बाबा रामदेवजी की मूर्ति स्थापना का पावन आयोजन बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ किया जा रहा है। इस शुभ अवसर पर समाजजनों एवं नगरवासियों को आमंत्रित किया गया है। मुख्य कार्यक्रम शुक्रवार, 7 नवम्बर 2025 को प्रातः 8:15 बजे श्री बाबा रामदेवजी मूर्ति स्थापना के रूप में संपन्न होगा। कार्यक्रम स्थल जावद दरवाजा, निंबाहेड़ा (राजस्थान) रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीचंद कृपलानी, विधायक एवं पूर्व यूडीएच मंत्री, राजस्थान सरकार उपस्थित रहेंगे। आयोजन की अध्यक्षता अशोक नवलखा पूर्व विधायक करेंगे, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में विकास पंचोली, उपखण्ड अधिकारी एवं प्रशासक, नगर परिषद निम्बाहेड़ा, कौशल कुमार खटूमरा, आयुक्त नगर परिषद निम्बाहेड़ा, कपिल चौधरी, नगर अध्यक्ष भाजपा, नितिन चतुर्वेदी, पूर्व नगर अध्यक्ष, समाजसेवी विरेश चपलोत एवं गजेंद्र नवलखा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

### केन्द्रीय कामॅन रिव्यू मिशन टीम का राजस्थान दौरा

# राजस्थान की स्वास्थ्य सेवाओ योजनाओं एवं नवाचारों को सराहा

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर।** मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के आधारभूत ढांचे के विकास और आमजन के कल्याण के लिए ऐतिहासिक कार्य कर रही है। ऐसे में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के लिए राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों और उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार की असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने जनसंपर्क सेवा के अधिकारियों को संबंधित जिलों और विभागों में ऑनरशिप (Ownership) लेकर प्रोएक्टिव और अग्रेसिव एप्रोच के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने खबरों में कंटेंट को महत्व देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अगर कंटेंट में ह्यूमन एंगल होगा तो वह लोगों को पसंद आएगा। उन्होंने जनसम्पर्क सेवा के अधिकारियों को नैरेटिव निर्माण और इमेज बिल्डिंग के लिए बढ़-चढ़कर भागीदारी के निर्देश दिए। मुख्य सचिव श्री पंत गुरुवार को शासन सचिवालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के तहत सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनसम्पर्क सेवा के अधिकारियों पर कार्यक्रमों व गतिविधियों के कवरेज के साथ-साथ जनता में विश्वास और विश्वसनीयता का संचार करने का महती दायित्व है। उन्होंने सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग को राज्य सरकार की आंख, नाक, कान बताते हुए भ्रामक एवं तथ्यहीन नकारात्मक खबरों पर संबंधित विभाग का पक्ष पूरी बेबाकी से रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को फोटो, वीडियो, उपलब्धियों और सफलता की कहानियों का निरंतर संकलन कर कंटेंट बैंक तैयार करने के निर्देश दिए, जिससे महत्वपूर्ण अवसरों पर विशेष कंटेंट निर्माण में उनका उपयोग हो सके। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के विज्ञापनों में प्रभावी कंटेंट का समावेश कर उन्हें और अधिक सारगर्भित बनाएं। इससे पहले सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के आयुक्त एवं शासन सचिव श्री संदेश नायक ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के प्रचार-प्रसार कार्यों एवं गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया।

### सलाहकार की भूमिका निभाएं जनसम्पर्क सेवा के अधिकारी

मुख्य सचिव ने कहा कि अधिकारी कार्य के दायरे को बढ़ाते हुए अपने विभागों और जिलों में सचिव, कलक्टर एवं मंत्रीगण के सलाहकार की भूमिका अपनाते हुए प्रचार-प्रसार के लिए कार्य करें। उन्होंने गलत खबरों को वेरीफाई कर समयबद्ध तरीके से उनके फैक्ट चैक, खंडन, तथ्यात्मक रिपोर्ट जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने फैक्ट चैक और खंडन जैसी कार्यवाही से सभी प्रकार के मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित गलत खबरों के संदर्भ में वास्तविक और तथ्यात्मक स्थिति पर आधारित समाचार तैयार कर आमजन तक सही-सही जानकारी प्रसारित करने पर भी बल दिया। साथ ही मीडिया स्ट्रेटेजी बनाकर प्रचार-प्रसार के कार्यों को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के युग में जनसंपर्क अधिकारी का रोल और अधिक अहम और उनकी जवाबदेही 24X7 हो जाती है। अतः गलत एवं भ्रामक खबरों को रोकने के लिए ये आवश्यक है कि आमजन तक भ्रामक और तथ्यहीन खबरों की सही जानकारी समयबद्ध रूप से पहुंचे।

## जल संकट का समाधान, जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम की आयोजित हुई बैठक



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा(प्रकाश खत्री)।** निम्बाहेड़ा मे राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के अधीक्षण अभियंता हंसराम मीणा व अधिशाषी अभियंता सत्यनारायण वर्मा के निर्देशानुसार आज शिव कॉलोनी में स्थानीय निवासियों के साथ जागरूकता कार्यक्रम के तहत बैठक आयोजित की गयी जिसमे सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई के सामाजिक विकास अधिकारी तनुजा मरेठा ने बताया की जल है तो कल है, बावजूद इसके जल बेवजह बर्बाद किया जाता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जल-संकट का समाधान जल के संरक्षण से ही है। हम हमेशा से सुनते आये हैं जल ही जीवन है। जल के बिना सुनहरे कल की कल्पना नहीं की जा सकती, जीवन के सभी कार्यों का निष्पादन करने के लिये जल की आवश्यकता होती है तथा आमजन को बताया की शहर मैं नई जल प्रदाय योजना के अंतर्गत पानी पर्याप्त एवं पूर्ण प्रेशर के साथ व मीटर युक्त मिलेगा और आमजन से अपील की जल सरंक्षण हमारा दायित्व ही नहीं कर्तव्य भी है पानी को किसी भी तरह बर्बाद नहीं करे आवश्यकतानुसार ही जल का उपयोग करे पानी की एक एक बून्द बचाएं आज की बचत कल का भविष्य है व कहा की आप इसमें सहयोग करे और अपने परिवार वालों से भी सहयोग के बारे मैं कहे कार्यक्रम मैं पानी के सरंक्षण पर महिलाओं की अहम भूमिका निभाने को कहा,जल ही जीवन है जल के बिना जीवन की कल्पना मुश्किल है , मुझे परियोजाना के तहत किये जा रहे विकास कार्यों से भविष्य में मिलने वाले लाभो और सुविधाओ के बेहतर उपाय वी रख रखरखाव पर बात की । इस समुह चर्चा में बताया की फर्श को पाइप से धोने की बजाय पोछे से साफ करे सेविंग करते वक्त नल को खुला ना छोड़े मग में पानी लेकर सेव करे इस प्रकार की छोटी छोटी आदतों से बहुत सारा पीने वाला पानी बचाया जा सकता है।

### रंगोली के रंगों में सजी नशा मुक्त भारत की अलख

## वर्द्धमान कन्या महाविद्यालय में छात्राओं ने दिया जागरूकता का संदेश

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में नशा मुक्त भारत-खुशहाल भारत एवं टोबैको फ्री यूथ कैम्पेन 3.0 के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।महाविद्यालय की छात्राओं ने रंगोली के रंगों से समाज में नशे के विरुद्ध जागरूकता का सशक्त संदेश दिया और युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी।अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढ़ा ने छात्राओं की रचनात्मकता, ऊर्जा और सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं को नशे के जाल से बचने के लिए अपनी रुचियों को कला, साहित्य और क्रीड़ा के क्षेत्रों में विकसित करना चाहिए।कैंपेन प्रभारी राजकुमारी कुमावत ने अगले कार्यक्रम की रूपरेखा साझा करते हुए सभी को गुटखा, तंबाकू, सिगरेट, शराब जैसे नशीले पदार्थों से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प दिलाया। इकाई प्रभारी प्रीति शर्मा ने छात्राओं को ई-शपथ लेने के लिए प्रेरित किया, वहीं इकाई प्रभारी कोमल गुप्ता ने सभी संकाय सदस्यों और छात्राओं का आभार व्यक्त किया। इसी क्रम में बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत छात्राओं के लिए उनके जीवन पर आधारित एक प्रेरणादायी फिल्म भी प्रदर्शित की गई।

## कांग्रेसजनों ने श्रीबजरंग व्यायामशाला की भव्य शोभायात्रा का किया पुष्पवर्षा से स्वागत एवं अभिनंदन

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री बजरंग व्यायामशाला, विश्रामघाट निंबाहेड़ा द्वारा नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा एवं अखाड़ा प्रदर्शन का कांग्रेसजनों ने आत्मीय स्वागत कर अभिनंदन किया। पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की ओर कांग्रेसजनों द्वारा नया बाजार में बुधवार को शाम 6.30 बजे शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशीलाल राईवाल तथा क्रेता व्यापार संघ के पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल आंजना रथ में विराजित श्री बजरंग बली की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया और क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि उन्नति,खुशहाली और भाईचारा बना रहे की श्री बालाजी से कामना की तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रारंभ में नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशीलाल राईवाल तथा कांग्रेसजनों के शोभायात्रा स्थल नया बाजार में पहुंचने पर श्री बजरंग व्यायामशाला विश्रामघाट समिति के पदाधिकारियों ने साफा बंधवाकर और उपर्णना ओढ़ाकर कांग्रेसजनों का स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर नगर सेवादल के मुख्य संगठक दिनेश गुप्ता,नगर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष शमशू कमर मंसूरी,महासचिव ओम प्रकाश शर्मा,सचिव ओम प्रकाश बाहेती,प्रवक्ता रवि जाजपुरा,आई टी सेल संयोजक मोहम्मद अली मंसूरी,पूर्व पार्षद शांतिलाल लाडना,यू एस शर्मा,जय सिंह मीणा, मुकेश माली,गणेश लाल सोनी,आदित्य पहाडिया,करण जीनगर, जतिन शर्मा,कमलेश मीणा,आशुतोष टांक,कांग्रेस कार्यालय प्रभारी ज़ाकिर हुसैन इत्यादि कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## बून्दी में सांसद खेल महोत्सव का शुभारम्भ, ग्रामीण प्रतिभाओं में उत्साह की लहर

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (नि.स.)।** कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्र में गुरूवार को सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ हुआ। खेल महोत्सव की शुरूआत जिले के बूंदी और केशवरायपाटन विधानसभा क्षेत्रों में ग्राम पंचायत स्तर से की गई। रामगंज बालाजी और खटकड़ विद्यालयों में हुए उद्घाटन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खिलाड़ी और ग्रामीण उपस्थित रहे। इसके अलावा सुनगर, रडी, मायजा, करायथा, करवाला, नमाना, पिपलिया और कैथुदा सहित कई अन्य ग्राम पंचायतों में खेल प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। संयोजक विशाल शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के नेतृत्व में ग्रामीण स्तर पर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। यह महोत्सव ग्रामीण अंचलों में छिपी खेल प्रतिभाओं को निखारने का सुनहरा अवसर है। महोत्सव के माध्यम से ग्रामीण युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ेगी और आगे चलकर जिले के खिलाड़ी राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिला संयोजक निर्मल मालव, पाटन विधानसभा संयोजक मुकेश जिंदल, बून्दी विधानसभा संयोजक सुरेश अग्रवाल बृजेश शर्मा, मुकुट बिहारी मीणा, बद्री लाल, अमित जिनवाल, रामराज मीणा, सुरेंद्र शर्मा, बलराम मालव, राकेश शर्मा, दीपक गोस्वामी रामलाल सेनी, खेल अधिकारी हर्ष वर्धन सिंह चूडावत आदि मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायतों में पहुंचे कलेक्टर कमल राम मीना,जनसुनवाई में सुनी समस्याएं, दिए त्वरित समाधान के निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने गुरुवार को ग्राम पंचायत तारागढ़ में आयोजित ग्राम स्तरीय जनसुनवाई में पहुँचकर ग्रामीणों की समस्याएँ सुनीं तथा अनेक मामलों में मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

इस अवसर पर उपखंड अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी दिव्यांश सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।जनसुनवाई के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ढ्क्र कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए बी.एल.ओ. एवं सुपरवाइजर से मैपिंग, गणना प्रपत्र वितरण एवं प्राप्ति की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को शत-प्रतिशत लक्ष्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।इसके उपरांत कलेक्टर मीना ने ग्राम पंचायत बाडिया बाऊ में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की स्थिति की समीक्षा की तथा अधिक से अधिक लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने के निर्देश दिए शिविर के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समाधान के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

## वंडर सीमेंट लि. में मनाया गया 49 वां खान सुरक्षा सप्ताह-2025

बढ़ता राजस्थान




**चित्तौडग़ढ़ (संजय खाबिया)।** वंडर सीमेंट लि. की भट्टकोटड़ी एवं धनोरा लाईम स्टोन माइन्स पर खान सुरक्षा महानिदेशालय, उदयपुर क्षेत्र के तत्वाधान में मनाये जा रहे 49 वें खान सुरक्षा सप्ताह के अन्तर्गत कम्पनी के खदान कार्यालय परिसर में खान सुरक्षा निदेशक उत्तर पश्चिम क्षेत्र, विनोद रजक के मुख्य आतिथ्य तथा वंडर सीमेंट के यूनिट हेड नितिन जैन के विशिष्ठ आतिथ्य में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम के दौरान युनिट हेड श्री जैन ने उपस्थित समस्त कर्मचारियों को सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं के बारे में समझाया एवं खनन में चल रहे डिजिटाइजेशन प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए नवाचारों के साथ जागरूकता से कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया। इस दौरान मुख्य अतिथि श्री रजक ने बताया की खनन क्षेत्र जोखिमों से भरा होता है। इसलिए सुरक्षा ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है एवं सुरक्षा उपकरणों का उपयोग, नियमित प्रशिक्षण और सतर्कता ही हमारी सबसे बड़ी ढाल है।

इस अवसर पर वंडर सीमेंट लि. की दोनों खदानों का निरीक्षण, निरक्षण दल के कन्वेनर राजेश रवि एवं सदस्य राजेश अग्रवाल, रणजीत सिंह एवं प्रकाश डांगी द्वारा किया गया। निरक्षण दल के सभी सदस्यों ने वंडर सीमेंट लि. द्वारा खान सुरक्षा के प्रति किये जा रहे कार्यों कि खुले मन से सराहना की। निरीक्षण दल के प्रमुख ने बताया कि सुरक्षा सप्ताह का उद्देश्य दुर्घटना रहित कार्य करते हुए लक्ष्य अर्जित करना है।

कार्यक्रम के आरम्भ में कम्पनी के सहायक उपाध्यक्ष (माइन्स) ओ. पी. राजपुरोहित ने अतिथियों का स्वागत सत्कार कर खान सुरक्षा सप्ताह के महत्व से सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा स्लोगन, पोस्टर की प्रदर्शनी तथा सुरक्षा जागरुकता आधारित गीत व सुरक्षा वार्ता का आयोजन भी किया गया। कम्पनी के सुनिल बोहरा द्वारा सुरक्षा एवं बनवारीलाल शर्मा द्वारा सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। खान सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के अन्त में श्री कमल नयन पालीवाल द्वारा दोनों खानों में चल रही सुरक्षित कार्यप्रणाली एवं गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन गिरीश श्रृंगी द्वारा किया गया।

# विधायक डॉ. गर्ग ने स्कीम नम्बर 10 से छेड़छाड़ नहीं करने के दिये बीडीए अधिकारियों को निर्देश

### आरबीएम अस्पताल के विस्तारिकरण के लिये आवंटित भूमि को रखा जाये यथावत-डॉ. गर्ग

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने भरतपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त एवं अध्यक्ष को पत्र लिखकर एवं दूरभाष पर वार्ता कर आरबीएम चिकित्सालय के विस्तार के लिये वर्ष 2021 में स्कीम संख्या-10 में आवंटित आरक्षित 25,000 वर्गमीटर भूमि के साथ किसी तरह की छेडछाड नहीं करने और अस्पताल के लिये आवंटित भूमि को बीडीए द्वारा अन्य उपयोग लिये जाने की कार्यवाही की चर्चा से संशय की बन रही स्थिति को स्पष्ट करने के निर्देश दिये गये हैं, साथ ही भूमि खातेदारों के लिये भूमि के बदले भूमि देने के लिये यहां जगह कम पडे तो नियमानुसार बीडीए द्वारा अन्य स्कीमों में उन्हें भूमि आवंटित की जाये।

डॉ. सुभाष गर्ग ने पत्र के माध्यम से भरतपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त एवं अध्यक्ष को बताया कि नगर विकास न्यास द्वारा स्कीम संख्या 10 में वर्ष 2021 में 25000 वर्गमीटर भूमि आरबीएम चिकित्सालय के ट्रोमा सेंटर, डॉक्टर, नर्सिंग, पैरामेडीकल कर्मचारियों के आवास निर्माण एवं अन्य चिकित्सीय सुविधाओं के लिये आवंटित की थी, लेकिन एक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर से संशय की स्थिति उत्पन्न हो रही है कि इस भूमि का आरक्षण कहीं समाप्त तो नहीं किया जा रहा है साथ ही पता चला है कि इस भूमि को भरतपुर विकास प्राधिकरण द्वारा किसी अन्य उपयोग के लिये लेने की भी कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने प्रकाशित खबर से लोगों में हो रहे संशय की स्थिति को स्पष्ट करने पर जोर देते हुये कहा कि बीडीए स्पष्ट करें कि इस भूमि के साथ किसी तरह छेडछाड नहीं की जा रही है।

उन्होंने कहा कि आवंटित भूमि को अन्य किसी कार्य में लिया जायेगा तो भविष्य में आरबीएम चिकित्सालय के विस्तार एवं अन्य सुविधाओं के लिये समस्या हो जायेगी। ऐसे में इस आवंटित आरक्षित भूमि को यथावत रखा जाये, ताकि आगामी दिनों में चिकित्सीय विस्तारिकरण में किसी तरह की कोई परेशानी न हो।

## भरतपुर में कोर्ट से बदमाश फरार, सरेंडर करने आया था जेल भेजने के आदेश सुनते ही कटघरे से कूदकर भागा हिस्ट्रीशीटर, 19 केस दर्ज



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर के एससी,एसटी कोर्ट में गुरुवार को बड़ी सुरक्षा चूक सामने आई, जब जेल भेजे जाने के आदेश मिलते ही हिस्ट्रीशीटर आरोपी सुरेंद्र उर्फ बबला कटघरे से कूदकर पुलिस को चकमा देते हुए फरार हो गया। आरोपी पर विभिन्न थानों में करीब 19 मामले दर्ज हैं और वह बयाना का हिस्ट्रीशीटर है।

### कोर्ट से कूदकर फरार हुआ आरोपी

सीओ पंकज यादव ने बताया कि सुरेंद्र उर्फ बबला एससी,एसटी एक्ट के वांछित मामले में 4 नवंबर को कोर्ट में सरेंडर करने आया था। उसकी एक अन्य केस में हाईकोर्ट से जमानत खारिज हो चुकी थी, इसलिए कोर्ट ने उसे जेल भेजने का आदेश दिया। आदेश सुनते ही वह अचानक कटघरे से कूदकर भाग निकला।

### रीडर ने दर्ज कराई एफआईआर पुलिस अलर्ट

एससी,एसटी कोर्ट के रीडर अशोक कुमार ने मथुरा गेट थाने में मामला दर्ज करवाया। उन्होंने बताया कि सुरेंद्र को सुनवाई के दौरान कटघरे में खड़ा किया गया था। जैसे ही चलनी गार्ड को बुलाया गया, आरोपी मौके का फायदा उठाकर कोर्ट परिसर से फरार हो गया।

### 19 केस और लंबी अपराध सूची, हिस्ट्रीशीटर भी घोषित

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी के खिलाफ भरतपुर, बयाना, सूरौठ, हिंडौन सहित विभिन्न इलाकों में 19 मामले दर्ज हैं। वह बयाना सदर थाने का घोषित हिस्ट्रीशीटर भी है। पुलिस टीमों को उसकी तलाश में भेजा गया है और जल्द गिरफ्तारी का दावा किया जा रहा है।

## कॉलेज से लौट रहे बाइक सवार बीएड छात्रों को मारी तेज गति बोलेरो ने टक्कर,

### एक छात्र की मौत,दूसरा घायल,सदर पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी( राजू शर्मा )।** शहर के बसेड़ी रोड पर बामनी नदी पुल के पास गुरुवार को दिन में दर्दनाक हादसा हुआ है। तेज गति बोलेरो ने बामनी नदी पुल के घुमाव पर बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मारी है। जिसमें एक युवक की मौत हुई है। वही दूसरा युवक घायल है। घटना के बाद मृतक युवक के शव को बाड़ी अस्पताल की मोर्चरी रखवाया गया है। जहां सदर थाना पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम की कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार उपखंड के उमरेह गांव निवासी 21 वर्षीय युवक राजन पुत्र रामप्रकाश मीणा बसेड़ी के भूतेश्वर स्थित प्रताप कॉलेज से बीएड की पढ़ाई कर रहा था। आज सुबह वह अपने साथी श्रीराम पुत्र मुन्ना मीणा के साथ बाइक से कॉलेज गया था और वहां से दिन में वापस लौट रहा था।इस दौरान बामनी नदी पुल के पास तेज गति बोलेरो ने उन्हें टक्कर मार दी। दुर्घटना में राजन बुरी तरह घायल हुआ। जिसे कॉलेज से लौट रहे अन्य दोस्तो के साथ निजी वाहन से बाड़ी अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल श्रीराम का अस्पताल में उपचार जारी है।

घटना को लेकर मृतक राजन मीणा के ताऊ प्रेमसिंह पुत्र श्रीपत मीणा ने सदर थाने पर रिपोर्ट दी है। सदर थाना पुलिस द्वारा मृतक राजन मीणा के शव का पोस्टमार्टम कराया है। पंचनामे के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। ताऊ प्रेमसिंह ने बताया कि राजन अपने परिवार में दो भाइयों में बड़ा था। जो बीएड की पढ़ाई कर रहा था। उसके पिता खेती किसानी का काम करते है। घटना के बाद से गांव उमरेह में शोक छाया है। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 'स्वदेशी व गो-उत्पाद प्रदर्शनी में लगी भरतपुर की 10 स्टॉले



## समृद्ध भारत अभियान के सहयोग से लगाई स्टॉलें

### केन्द्रीय मंत्री बघेल ने भरतपुर की गजक व भुसावर के स्वादिष्ट अचार की प्रशंसा की

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** राष्ट्रीय गोधन महासंघ द्वारा नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में आयोजित हो रही स्वदेशी व गो-उत्पाद प्रदेर्शनी में भरतपुर की स्वदेशी उत्पादों की 10 स्टालें समृद्ध भारत अभियान के सहयोग से लगाई गयी है। जिसमें प्रमुख रूप से भरतपुर की गजक, भुसाबर के अचार-मुरब्बे, बैलारा (नदबई) की तुलसीमाला, पना (उच्चौन) के जैविक उत्पाद, नैवाडा (वैर) का शहद आदि शामिल है। प्रर्दशनी का उद्घाटन केन्द्रीय पशुपालन एव डेयरी राज्य मंत्री एस पी बघेल ने किया तथा अध्यक्षता हरियाणा के मुख्य मंत्री नायब सैनी ने की। प्रदर्शनी के शुभारम्भ के बाद अतिथियों ने स्टॉलों के अवलोकन द्वारा भुसावर के आचार-मुरब्बा, आनंद स्वरूप-मुकेशचंद की गजक, बेलारा (नदबई) की तुलसी माला, नैवाड़ा के प्राकृतिक शहद आदि उत्पादों की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्वदेशी उत्पाद ही हमारी आर्थिक विकास में सहभागी बनेंगे। इनसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और इन कार्यों से गरीब लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे ! इस अवसर पर पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, विभिन्न राज्यों के राष्ट्रीयनेता, सभाज सेवी, संत महात्मा, ग्रामीण विकास मर्मज्ञ, गौसेवक आदि उपस्थित थे। यह प्रदर्शनी आगामी 10 नवम्बर तक लगेगी। समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय गोधन समिट 2025 का मुख्य उद्देश्य केवल प्रदर्शनी के माध्यम से उत्पादों को मंच प्रदान करना भर नहीं है, बल्कि इससे भी आगे बढ़कर एक सतत और आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था की दिशा में मजबूत कदम उठाना है। गुप्ता ने कहा कि ग्रामीण भारत में परंपरागत ज्ञान और स्वदेशी उत्पादों की अपार संभावनाएँ हैं, जिन्हें वैज्ञानिक दृष्टिकोण और बाजार उपलब्ध कराकर हम देश की पर्यावरणीय अर्थव्यवस्था, किसानों की आय में वृद्धि तथा गौवंश संरक्षणकृइन सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों को एक साथ सशक्त कर सकते हैं। यह समिट इसी व्यापक सोच और दूरदर्शी दृष्टिकोण का प्रतीक है। समृद्ध भारत अभियान के प्रदेश प्रभारी पुनीत गुप्ता ने बताया कि प्रदर्शनी में संस्था की ओर से शहद, स्वदेशी निर्माण वस्तुएँ, गौ आधारित उत्पादन और प्राकृतिक खेती से जुड़े उत्पादों की विशेष स्टॉल लगाई गई है।

### उद्यमियों ने जीता दर्शकों का दिल

भरतपुर जिले के उद्यमियों कृ वृद्धि अचार उद्योग, मुकेश चंद आनंद गजक, और ओमवती तुलसीमाला निर्माण कृ ने प्रदर्शनी में अपनी गुणवत्ता और विशिष्टता के दम पर अव्वल स्थान प्राप्त कर राजस्थान का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। कार्यक्रम संयोजक तथा राष्ट्रीय गोधन महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक विजय खुराना और सह-संयोजिका मोनिका अरोड़ा ने बताया कि प्रदर्शनी में देशभर से आए उद्यमियों ने गौवंश आधारित, स्वदेशी उत्पादों का प्रदर्शन किया है। यह कार्यक्रम पर्यावरण-संरक्षण, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, आत्मनिर्भरता और रोजगार सृजन के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## शहर के बारहमासी पीपल हनुमान मंदिर पर होगी देवी-देवताओ की प्राण प्रतिष्ठा

### प्रतिष्ठापित होने वाली मूर्तियों को शहर में निकाली कलश एवं शोभायात्रा



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** शहर के कायस्थ पाड़ा पुलिया के पास स्थित बारहमासी हनुमान मंदिर पर देवी देवताओं की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा एवं स्थापना का कार्यक्रम किया जा रहा है।जिसको लेकर प्राण प्रतिष्ठा के लिए लाई गई मूर्तियों को आज शहर में कलश एवं शोभायात्रा के साथ नगर भ्रमण कराया गया। इसके बाद मंदिर पहुंची मूर्तियों को विद्वान आचार्य द्वारा पूर्ण रूप से विधि विधान पूर्वक शुद्ध कर प्राण प्रतिष्ठा के लिए रखा गया है। 5 दिन के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद 10 नवंबर को मूर्तियों की उनके आसन पर स्थापना होगी। 11 नवंबर को इस उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन किया जायेगा। बारहमासी हनुमान मंदिर से जुड़े श्रद्धालु राजेश शर्मा ने बताया की मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं और कमेटी द्वारा कई वर्षों से विभिन्न देवी देवताओं की मूर्तियों की स्थापना को लेकर चर्चा चल रही थी। ऐसे में मंदिर से जुड़े श्रद्धालु राजन पाराशर द्वारा भगवान राम और सीता की मूर्ति,व्याख्याता पुष्पेंद्र विधौलिया द्वारा भगवान राधा-कृष्ण की मूर्ति,पिंकी पाराशर द्वारा विष्णु भगवान और लक्ष्मी माता की मूर्ति,शिक्षाविद दाऊदयाल शर्मा द्वारा शेरावाली माता की मूर्ति एवं अध्यापक सुनील शुक्ला द्वारा भगवान गणेश की मूर्ति की स्थापना कराई जा रही है। जिसको लेकर यह कलश एवं शोभायात्रा के साथ नगर भ्रमण का आयोजन किया गया है।

5 दिनों तक इन मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम चलेगा 10 नवंबर को मूर्तियों को उनके आसन पर स्थापित किया जाएगा। इसके बाद 11 नवंबर को भंडारे का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में मंदिर से जुड़े श्रद्धालु एवं समाजसेवी पप्पू खिदरपुर, पातीराम समाधिया, बिजेंद्र पीटीआई, शिवकुमार खेमरिया, ठाकुर लाखन सिंह, श्रीनिवास भारद्वाज सहित तमाम भक्तजन मौजूद रहे।

## चिलम के नशे में युवक ने दराती से गला काट कर साधु को किया गंभीर रूप से घायल

### डीग शहर के बड़े मोहल्ला स्थित हनुमान मंदिर की है घटना

**डीग ( नि.स. )।** डीग शहर में बड़े मोहल्ला के पास हनुमान जी के मंदिर पर गुरुवार की दोपहर चिलम के नशे में एक युवक ने दराती से हमला कर एक वृद्ध साधु को गंभीर रूप से घायल कर दिया जिसे आरबीएम हॉस्पिटल भरतपुर से इलाज के लिए सवाई मानसिंह हॉस्पिटल जयपुर रैफर किया गया है। झगडे में आरोपी युवक भी घायल हो गया जिसे डीग के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि शहर की लाला वाली गली में बड़े मोहल्ला के पास स्थित हनुमान जी के मंदिर पर गुलाब दास बाबा और मनोज उर्फ नरेंद्र कोली काफी समय से साथ रह रहे थे। गुरुवार की दोपहर दोनों किसी बात को लेकर विवाद हो गया जिसके चलते मनोज उर्फ नरेंद्र कोली 25 बर्ष पुत्र पूरन कोली निवासी बंधा दरवाजा डीग के दराती से ताबड़ तोड़ वार कर बाबा गुलाबदास को गंभीर रूप से घायल कर दिया और इस दौरान दोनों में ही गुत्थम गुत्था में स्वयं मनोज उर्फ नरेंद्र भी घायल हो गया । दराती के वार से बाबा का गला कट गया। जिसे लहूलुहान हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल बाबा गुलाब दास को इलाज के लिए आरबीएम हॉस्पिटल भरतपुर रेफर कर दिया गया जहां से उपचार के बाद उसे एसएमएस हॉस्पिटल जयपुर रैफर कर दिया गया है। घायल मनोज उर्फ नरेंद्र को भी उपचार के लिए जिला चिकित्सालय डीग में दाखिल कराया गया है।

# शहर के वार्ड 12,13 में पसरी पड़ी गंदगी, ड्रेनेज सिस्टम फेल, महिलाओ का विरोध

### नगर पालिका ईओ, एसडीएम को सौपा ज्ञापन, पूर्व विधायक को बताई परेशानी

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर की वार्ड संख्या 12 और 13 में ड्रेनेज सिस्टम पूरी तरह फेल पड़ा है। नाले अवरुद्ध हैं। ऐसे में गंदा पानी सड़क पर जमा हो रहा है। जिसमें पनप रहे मच्छर वार्ड की कॉलोनी के लोगों को बीमार कर रहे हैं। दो दिन से बंद पड़े नालों में गिरने और दो गायों की मौत होने से नागरिक दुखी हैं और आक्रोशित महिलाएं सड़क पर आ गई है।

गुरुवार को वार्ड 12 निवासी महिला अमृता मीणा और वार्ड 12 की पार्षद अनीता मीणा के नेतृत्व में दर्जनों महिलाओं ने ईओ और एसडीएम को ज्ञापन दिया है। प्रशासन से समस्या के समाधान की मांग की है साथ में पूर्व विधायक को अपनी परेशानी से अवगत कराया है।

समाजसेवी एवं जागरूक महिला अमृता मीणा ने बताया कि एक वर्ष से वार्ड 12 और 13 की कई कॉलोनी के लोग नगर पालिका और प्रशासन की इस लापरवाही की इस समस्या को झेल रहे हैं। शहर के प्रमुख रास्तों में शामिल संत नगर रोड की हालत इतनी खराब है कि डिस्कॉम के 33 केवी जीएसएस में भी पानी जा रहा है। नाले चौक हैं। दोनों वार्डो का ड्रेनेज सिस्टम फेल पड़ा है। जिसको देखने वाला कोई नहीं है। वार्ड 12 की पार्षद अनीता मीणा ने बताया कि एक महीने पहले वह खुद कॉलोनी के लोगो के साथ नगर पालिका और उपखंड कार्यालय जाकर शिकायत कर चुकी हैं लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं किया गया। ममता मीणा ने पूर्व विधायक गिर्राज मलिंगा को भी दोनों वार्डो की समस्या से अवगत कराया और उनसे मांग की जल्द समस्या का समाधान करें साथ में नगर पालिका और प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि वार्ड 12 और 13 में यह ड्रेनेज सिस्टम में सुधार नहीं हुआ तो वार्ड की महिलाओं के साथ सख्त एक्शन

# संभाग स्तरीय एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम की कार्यशाला व रिव्यू बैठक आयोजित

## सभी जिलों एवं खण्डों पर त्रैमासिक समीक्षा बैठक होगीं

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर सारस चौराहा स्थित होटल लक्ष्य पैलैस सभागार में एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम की संभाग स्तरीय कार्यशाला कम रिव्यू मीटिंग आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें जोन भरतपुर डा0 सुनील कुमार सिवोदिया द्वारा की गई जिसमें उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले में कोई भी बच्चा व किशोर -किशोरिया तथा गर्भवती माताएं खून की कमी से बीमारी ग्रस्त ना हो इसके लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग आईसीडीएस विभाग एवं शिक्षा विभाग के साथ संयुक्त रूप से इस कार्यक्रम को सफल एवं क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसका ब्लॉक स्तर पर सघन मूल्यांकन आवश्यक है। प्रशिक्षण राज्य स्तर से एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम राज्य प्रतिनिधि डा0 मौलश्री राठौड एवं संभागीय समन्वयक अश्विनी कुमार द्वारा दिया गया जिसमें निर्धारित पीपीटी के माध्यम से माह अप्रेल 2025 से सितम्बर 2025 तक की प्रगति की जिलेवार एवं खण्डवार समीक्षा की गई। इसके तहत डा0 मौलश्री राठौड द्वारा लौह तत्व युक्त आहार की, प्रचार प्रसार ,जागरूकता एवं मंगलवार को आयोजित शक्ति





दिवस कार्यक्रम मे आईएफए अनुपूरकों की उपलब्धता के बारे में विस्तार से बताया। तथा माह सितम्बर 2025 तक की प्रगति का जिले अनुसार मूल्यांकन किया गया साथ ही जिला स्तर पर और खंड स्तर पर प्रतिमाह इसकी प्रगति की समीक्षा की जाए तथा प्रगति को निर्धारित मापदण्डों के अनुसार अर्जित किया जाये तथा रिर्पोटिंग में आने वाले गैप को समाप्त किया जाये।

## तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर पलटी, दो गंभीर रूप से घायल

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** बयाना-बसेड़ी स्टेट हाईवे पर बुधवार देर रात एक तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा कोट थाना तिराहे के पास हुआ, जहां चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और बोलेरो सड़क किनारे पलट गई। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, घायलों की पहचान धौलपुर जिले के बाड़ी निवासी नरोत्तम (50) पुत्र हाकिम गुर्जर और रामभरोसी (68) पुत्र विजय सिंह के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही गढ़ी बाजना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और 108 एंबुलेंस की सहायता से घायलों को बयाना उपजिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें भरतपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दुर्घटना में बोलेरो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने वाहन को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि रात के समय भारी वाहनों की आवाजाही और तेज रफ्तार के कारण इस तिराहे पर आए दिन हादसे होते रहते हैं। लोगों ने प्रशासन से यहां स्पीड ब्रेकर और चेतावनी संकेतक बोर्ड लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# खोह थाना पुलिस की साइबर ठगो के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

## पुलिस ने दबिश देकर 5 साइबर ठगो को गिरफ्तार कर एक किशोर को किया निरुद्ध

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** डीग जिले की खोह थाना पुलिस ने साईबर ठगी करते हुये 5 युवकों को गिरफतार कर एक किशोर को निरुद्ध किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 3 एन्डायड मोबाइल ,6 फर्जी सिम, 4 बैंक पास बुक और 2 एटीएम कार्ड जप्त किए है।

खोह थाना प्रभारी महेंद्र शर्मा के अनुसार एस पी ओमप्रकाश मीणा के निर्देशन ऑनलाईन ठगी के करने वालो के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत उन्होंने मय जाप्ता के मुखबिर सूचना पर ब्रज 84 कोस परिक्रमा मार्ग से जीवनवास की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर पहाड की तलहटी में दबिश देकर जिलसाद 20 बर्ष पुत्र अयूब मेव ,वाजिव 24 बर्ष पुत्र मजीद मेव निवासीयान रूध खोह थाना खोह जिला डीग ,जाबिद 20 बर्ष पुत्र दलशेर मेव, ताहिर 31 बर्ष पुत्र दलशेर मेव , साबिर 22 बर्ष पुत्र दलशेर मेव निवासीयान गदडवास थाना खोह जिला डीग को साइबर ठगी करते हुए गिरफ्तार किया है जबकि एक किशोर को निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने इनके पास से 3 एंड्राइड मोबाइल फोन, 6 फर्जी सिम,4 बैंक पास बुक और 2 ए टी एम कार्ड जप्त किए है।पुलिस ने पकडे गये जिलसाद, वाजिव, जाबिद, ताहिर, साबिर के मोबाइलों को चैक किया तो उनके मोबाईलो में फर्जी मोबाईलों नम्बर से फर्जी फेस बुक आईडी व वाटसप पर अलमारी वैड बेचने व लोगों को मदद करने के नाम पर लोगों को फर्जी फेस बुक आईडी व वाटसप पर विडिओ में फर्जी नम्बर एडिट डालकर लोगों के साथ हेल्प के नाम पर लोगो से ठगी करने के साक्ष्य मौजूद मिले है।

थाना प्रभारी शर्मा के अनुसार पुलिस द्धारा की गई पूछताछ ने जिलसाद ने बताया कि में आर्मी अधिकारी बनकर लोगो के साथ सामान ऑर्डर कर उनके साथ ठगी की कार्यवाही को अंजाम देता हूं। वाजिब में बताया कि मैं लोगो के ठगी के पैसो को परसैन्ट पर निकालने का काम करता हूँ। साबिर, ताहिर, जाबिद मे बताया कि हम तीनों भाई है पहले हम भी लोगो के साथ ठगी करते थे लेकिन अब लोकेशन ट्रैस होने लगी है तो हम तीनो भाई मिलकर फर्जी सिम सप्लाई करते है।



# एनीकट निर्माण व सड़क निर्माण के लिए धनराशि हुई स्वीकृत

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर(धीरज मौर्य)।** बानसूर उपखण्ड क्षेत्र के गाँव बहरामकाबास व टीकलीकाबास में सडक़ निर्माण के लिए 3करोड़ रुपए तथा एनीकट निर्माण के लिए 2करोड़53लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं। स्थानीय विधायक देवीसिंह शेखावत ने इस कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री तथा जल संसाधन मंत्री सुरेशसिंह रावत का आभार जताया है। विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि सडक़ आमजन के आवागमन के लिए जरुरी है तो एनीकट जल संरक्षण के लिए जरुरी हैं। उन्होंने कहा कि भूमि का जल स्तर लगातार गिरता जा रहा है यदि हम रहते उचित कदम नहीं उठा सके तो खेती ही क्या पेयजल की भी बहुत समस्या आएगी। शेखावत ने कहा कि राजस्थान के सम्पूर्ण मंत्री मण्डल का बानसूर विधानसभा क्षेत्र पर आशीर्वाद है। किसी भी विभाग से सम्बंधित कोई कार्य हो क्षेत्र का ध्यान रखा जा रहा है। मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि मैं एक अच्छी सरकार के कार्यकाल में विधायक बनकर गया। शेखावत ने कहा कि भाजपा संगठन, भाजपा कार्यकर्त्ताओं, भाजपा नेताओं और विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं का मैं बहुत अहसानमंद हूँ कि मुझे इस योग्य समझा। उन्होंने कहा कि मैं विकास के क्षेत्र में ऐसी बड़ी लाईन खीचूंगा कि पूर्व विधायकों के कामों की तुलना की जा सके।

# प्याज के कट्टे ने मौत बनकर घर का आखिरी चिराग छीन



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत बालावास के गाँव बालावास में एक बेवा माँ के आँचल से प्याज का कट्टा मौत बनकर घर का आखिरी चिराग छीन ले गया। गुरुवार सुबह एक हादसे ने चार बच्चों की मेहनतकश माँ की सारी उम्मीदें छीन लीं। मात्र 21 साल का होनहार बेटा विजेन्द्र यादव पुत्र बुद्धराम यादव इस दुनिया में नहीं रहा। सरपंच अमरसिंह यादव ने फोन पर बताया कि विजेन्द्र छत पर प्याज सुखाने के लिए कट्टा रखने गया था। अचानक छत की पुरानी पट्टी टूट गई और वह नीचे कोटड़ी में जा गिरा। ग्रामीणों ने उसे तुरंत उपजिला अस्पताल बानसूर पहुंचाया, लेकिन उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। विजेन्द्र अपनी माँ का इकलौता सहारा था। उसके पिता बचपन में ही गुजर गए थे। माँ ने अकेले चारों बच्चों को पाला-पोसा। दो बड़ी बहनों की शादी कर दी। कुछ साल पहले बड़ा बेटा भी चल बसा। इसके बावजूद माँ ने हार नहीं मानी। विजेन्द्र पढ़ाई में तेज था, घर संभालता था और नौकरी की तैयारी भी कर रहा था। आज उस बेवा माँ पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जिस उम्मीद को उसने सालों से सींचा था, वह एक पल में मिट्टी हो गई। अब घर में सिर्फ माँ अकेली रह गई है। बहनों की शादी हो चुकी है। पूरा बालावास गाँव शोक में डूबा है। हर चेहरे पर मातम है, यह कोई कहानी नहीं, बल्कि आज की कड़वी हकीकत है। ईश्वर माँ को इस अपार दुख को सहने की शक्ति दे और दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे।

# मॉडल स्कूल बानसूर की 4 छात्राओं का 69वीं राज्य स्तर पर चयन




बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** रामनगर स्थित स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल की चार छात्राओं का 69वीं जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर चयन होने पर विद्यालय के प्राचार्य अजय कुमार गोठवाल ने छात्राओं का माल्यार्पण (फूल माला पहनाकर) कर स्वागत किया गया। मॉडल स्कूल के शारीरिक शिक्षा व्याख्याता दीपक भालोठिया ने बताया कि छात्रा खुशी यादव, आयुषी एवं खुशी गुर्जर का खो-खो में तथा छात्रा नचिता गुर्जर का 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर चयन हुआ है। प्राचार्य अजय कुमार गोठवाल ने चयनित सभी छात्राओं को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए मार्गदर्शन दिया एवं शारीरिक शिक्षा व्याख्याता दीपक भालोठिया का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

# दवाई समझकर जहरीले पदार्थ का सेवन, बुजुर्ग महिला की मौत

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़(अलवर)।** थाना क्षेत्र के ग्राम थोसड़ा गांव में एक हादसे में 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतका मुथरी देवी ने गलती से खेत में डालने वाली जहरीली दवाई का सेवन कर लिया।

मृतका के देवर भगवान सिंह ने बताया कि 3 नवंबर को मुथरी देवी ने अनजाने में यह जहरीला पदार्थ पी लिया था। उन्हें लगा कि यह उनकी हार्ट की दवाई है, क्योंकि उनका हृदय संबंधी उपचार जयपुर से चल रहा था और वह कुछ दिन पहले ही वहां से दवाइयां लेकर आई थीं। दवाई समझकर जहरीला पदार्थ पीने के बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजनों ने तत्काल मुथरी देवी को उपचार के लिए राजगढ़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें गंभीर स्थिति में अलवर के जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान बुधवार देर रात मुथरी देवी ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पर राजगढ़ थाना पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की।

भारत माता की जयकारों से गूंज उठा पूरा शहर

# '150 यूनिटी मार्च' में दिया राष्ट्रीय एकता का संदेश

## भारत को एकजुट करने में सरदार पटेल की रही अहम भूमिका -मेवाड़

बढ़ता राजस्थान




**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, माय भारत राजसमंद के माध्यम से 'सरदार 150 यूनिटी मार्च' का आयोजन आज शहीद स्मारक राजसमंद से किया गया।जिला युवा अधिकारी हेमन्त कुमार मथुरिया ने बताया कि यूनिटी मार्च के प्रारंभ में मुख्य अतिथि हेमा कुमारी मेवाड़ सांसद, जगदीश पालीवाल जिलाध्यक्ष, अरुण कुमार हसीजा जिला कलक्टर, डॉ. ममता गुप्ता जिला पुलिस अधीक्षक,बंशीलाल खटीक पूर्व विधायक, संयोजक एवं पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अशोक रांका, समाजसेवी माधवलाल जाट, मान सिंह बारहठ ने सरदार पटेल एवं शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पुलिस बैंड ने देशभक्ति की प्रस्तुतियां दीं।यूनिटी मार्च को सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।मार्च सरदार पटेल की आदमकद प्रतिमा रथ के साथ, डीजे साउंड पर देशभक्ति गीतों की गूंज के बीच शहीद स्मारक, नगर परिषद, पुरानी कलेक्ट्री, जल चक्की, पुराना बस स्टैंड से होता हुआ बालकृष्ण विद्यालय सभागार तक पहुंचा, जहां यह सभा में परिवर्तित हुआ।मार्च में तिरंगे झंडे, देश भक्ति एवं राष्ट्रीय एकता के स्लोगन लिखी तख्तियों के साथ प्रतिभागी भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारे लगाते हुए चल रहे थे। बच्चों के नारों से पूरा शहर राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग गया,बालकृष्ण विद्यालय में आयोजित समारोह में सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ ने कहा कि सरदार पटेल ने भारत को एक सूत्र में पिरोने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई, जिसमें मेवाड़ का भी विशेष योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का अभियान है, जो युवाओं में राष्ट्रीय गौरव, जिम्मेदारी और एकता की भावना को सशक्त करता है। भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरदार पटेल के 'एकीकृत भारत' के दृष्टिकोण को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत' के मिशन से जोड़ते हुए यह अभियान एक सशक्त राष्ट्रीय आंदोलन का स्वरूप ले रहा है। उन्होंने युवाओं से सरदार पटेल के जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान पुराने बस स्टैंड पर बी.एन. महाविद्यालय एवं सेठ रंगलाल कोठारी राजकीय महाविद्यालय के छात्राओं ने ऑपरेशन सिंदूर और देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वातावरण को देशभक्ति से सरोबार कर दिया।

इस अवसर पर नगर परिषद आयुक्त बृजेश राय, जिला शिक्षा अधिकारी बिहारी लाल, जिला खेल अधिकारी श्री धर्मदेव सिंह, प्राचार्य डॉ. सुमन बडोला, एनएसएस जिला समन्वयक डॉ. गोपाल कुमावत, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ऊषा टेलर, नारायण सिंह राव, प्रधानाचार्य प्रमोद पालीवाल, भवानी सिंह राव, पूर्व जिला अध्यक्ष श्री नंदलाल, भानू पालीवाल, महेंद्र टेलर, महेश पालीवाल, श्री माधव चौधरी, श्री चंद्रशेखर बागोरा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना, भारत स्काउट गाइड, एनसीसी, माय भारत, शहर के राजकीय महाविद्यालयों, विद्यालयों, बी.एन. गर्ल्स कॉलेज, नवोदय विद्यालय, एल.पी.एस. स्कूल, आलोक, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई के लगभग एक हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद् दिनेश श्रीमाली द्वारा किया गया।

# सूझबूझ से टला हादसा, बाल-बाल बची कई लोगों की जिंदगियां

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर(धीरज मौर्य)।** बानसूर विधानसभा क्षेत्र में राजस्थान परिवहन निगम की सूझबूझ से एक बड़ा सडक़ हादसा बाल-बाल बच गया। घटना का विवरण इस प्रकार है कि अलवर से कोटपूतली की आ रही रोडवेज बस को लोक परिवहन बस ने गलत ओवरटेक करने की कोशिश की तो अचानक सामने कुछ आ गया। लोक परिवहन संचालक ने राजस्थान परिवहन निगम की बस की दिशा में गाड़ी का स्टीयरिंग घुमाया। अनुभवी राजस्थान परिवहन निगम के संचालक ने समझदारी दिखाते हुए बस को सडक़ के नीचे उतार दिया।

बस में अफरा तफरी और चीख-पुकार का माहौल, लेकिन सभी यात्री सुरक्षित रहे। ग्रामीणों की मदद से सवारियों को सुरक्षित बस से नीचे उतारा गया।

क्रेन की सहायता से राजस्थान परिवहन निगम की बस को निकाला गया। यह घटना हमीरपुर ग्राम पंचायत के पास की है। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने लोक परिवहन बसों पर कार्यवाही की मांग भी की है। ग्रामीणों ने बताया कि सवारी उठाने के चक्कर में लोक परिवहन बस संचालक अधिकतर तेज रफ्तार में गाड़ी चलाते हैं। वहीं जहाँ राजस्थान परिवहन निगम की सेवाओं में जो सुविधाएं बुजुर्गों और महिलाओं को है वे नहीं दी जाती। इसलिए इन पर कार्यवाही होनी चाहिए!वहीं घटना की जानकारी मिलने पर हरसौरा व बानसूर थाना पुलिस मौके पर तत्काल पहुँची और सम्पूर्ण जानकारी लेकर यात्रियों से उनकी कुशलक्षेम पूछी।

# विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)- जिलेभर में गणना प्रपत्र वितरण का कार्य उत्साह से जारी

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया 28 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ हो चुकी है, जो 7 फरवरी 2026 तक संचालित रहेगी। इस प्रक्रिया के तहत जिलेभर में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं तक गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं। यह वितरण और संग्रहण का कार्य 4 दिसंबर 2025 तक संपन्न किया जाएगा।इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को पूर्णतः सटीक, पारदर्शी और अद्यतन बनाना है, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित रूप से दर्ज हो सके और कोई भी पात्र व्यक्ति मतदान के अधिकार से वंचित न रहे।9 दिसंबर 2025 को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशित किया जाएगा। इसके बाद 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी, जबकि 31 जनवरी तक इनके सत्यापन और निस्तारण का कार्य किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची 7 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी। जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों — भीम, कुंभलगढ़, राजसमंद और नाथद्वारा — में कुल 9,65,898 मतदाता पंजीकृत हैं। जिले में 988 बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को प्रपत्र वितरित कर रहे हैं।जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पूरे जिले में सुपरवाइजर, ईआरओ, एईआरओ, डीईओ से लेकर सीईओ राजस्थान स्तर तक इस कार्य की सघन मॉनिटरिंग की जा रही है।

# राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 80वें दौर का कार्य जारी

बढ़ता राजस्थान

राजसमंद (सुरेश बागोरा)। सामाजिक एवं आर्थिक पहलुओं के संबंध में जानकारी एकत्र करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिवर्ष सर्वेक्षण कार्य किया जाता है। जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने बताया कि वर्तमान में राज्य में राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 80वें दौर के अन्तर्गत जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में चयनित ग्राम एवं नगरीय खण्डों में सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है।

यह सर्वेक्षण कार्य आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय के अधीन जिला सांख्यिकी कार्यालय में पदस्थापित कार्मिकों द्वारा किया जा रहा है। सांख्यिकी कार्यालय के कार्मिक जब सर्वे के लिए आपके पास आते हैं, तो वे गांव, शहर, परिवारों या व्यवसायों से सामाजिक-आर्थिक जानकारी एकत्र करते हैं।

उन्होंने अपील करते हुए कहा है कि संधारित सभी जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाती है तथा उसका उपयोग केवल सरकार की योजनाओं एवं नीतियों को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से किया जाता है। नागरिकों की निजता का पूर्ण ध्यान रखा जाता है।जिला कलक्टर श्री अरुण कुमार हसीजा ने जिले के सभी सरपंचों, पार्षदों, जनप्रतिनिधियों, समाज के प्रबुद्धजनों, वेलफेयर सोसाइटीज एवं उद्यमी संगठनों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र में लोगों को एनएसएस सर्वेक्षण के महत्व के बारे में अवगत कराएं और सहयोग हेतु प्रेरित करें।

# अनेकता में एकता का अनुपम उदाहरण है निरंकारी सामूहिक समागम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** 78 वे निरंकारी संत समागम के उपरांत समालखा के उन्ही मैदानों में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं राज पिता रमित जी की उपस्थिति में सादगी पूर्ण निरंकारी सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया इस अवसर पर नव विवाहित युगल ने परिणय सूत्र में बंध कर अपने नव जीवन की मंगलमय में शुरुआत हेतु सतगुरु से शुभ आशीर्वाद प्राप्त किया। भारतवर्ष के विभिन्न राज्यों, बिहार, चंडीगढ़ ,दिल्ली, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, जम्मू कश्मीर ,झारखंड मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब ,राजस्थान उत्तर प्रदेश तथा उत्तराखंड सहित विदेश जैसे ऑस्ट्रेलिया और कनाडा से 126 नव युगल सम्मिलित हुए । कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक जयमाला एवं निरंकारी परंपरा के विशेष साझा हार से हुआ तत्पश्चात भक्तिमय वातावरण में निरंकारी लावो का हिंदी भाषा में गायन किया गया जिनकी प्रत्येक पंक्ति नव विवाहित युगल के लिए आध्यात्मिक संदेशों एवं गृहस्थ जीवन की कल्याणकारी शिक्षा से परिपूर्ण था आयोजन के दौरान सतगुरु माता जी एवं राज पिता जी ने नव विवाहित जोड़ों का पुष्पवृष्टि कर उन्हें सुखमय , आनंदमय एवं समर्पणमय जीवन का आशीर्वाद प्रदान किया।

यह आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अपनी सादगी समरसता और एक तत्व के दिव्य संदेश से आलोकित रहा। सदगुरु माताजी ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वचन देते हुए कहां की आज इस पावन अवसर पर सभी जोड़े सुंदर रूप से सजे हुए हैं विवाहित जीवन की सार्थकता और महत्व डालते हुए सतगुरु माता सुदीक्षा जी ने कहा कि यह समझ केवल एक दिन का उत्सव नहीं है बल्कि प्यार सम्मान और सहयोग से भरे पवित्र मिलन का प्रतीक है विवाह केवल दो व्यक्तियों का मिलान नहीं है बल्कि यह दो परिवारों का पवित्र संगम है इस मिलन में दोनों पक्ष अपने सामाजिक और पारिवारिक दायित्व के साथ सेवा सत्संग सुमिरन और भक्ति के पहलुओं को भी निभाते हैं अंत में सतगुरु माता जी ने नव विवाहितों के वैवाहिक जीवन के लिए मंगल कामना करते हुए प्रार्थना की कि निरंकार प्रभु की अनंत कृपा सभी पर बनी रहे और यह पवित्र मिलन खुशी प्रेम और सौहार्द का प्रतीक बनकर ताउम्र स्थाई रहे।

राजगढ़ आवाज मंच ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# केन्द्रीय विद्यालय को राजगढ़ क्षेत्र में ही भूमि आवंटन करने की रखी मांग, दलालपुरा में भूमि आवंटन का किया विरोध

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़ (अलवर)।** राजगढ़ आवाज मंच की ओर से बुधवार को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नाम एक ज्ञापन उपखंड अधिकारी सीमा मीना को सौंपा गया। ज्ञापन देने से पूर्व आवाज मंच की ओर से बैठक आयोजित की गई जिसमें केंद्रीय विद्यालय राजगढ क्षेत्र में खोले जाने को लेकर चर्चा की गई। इसके बाद सभी नगर वासी ज्ञापन लेकर उपखंड अधिकारी सीमा मीणा के कार्यालय पहुंचे। ज्ञापन में मांग की गई कि राजगढ़ उपखंड क्षेत्र में शीघ्र केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की जाए।

मंच के प्रतिनिधि मुकेश जैमन ने बताया कि राजगढ़ अलवर जिले का सबसे बड़ा उपखंड क्षेत्र होने के बावजूद अब तक यहां का विकास अपेक्षानुरूप नहीं हुआ है। लंबे समय से राजगढ़ क्षेत्र के विद्यार्थियों और अभिभावकों की मांग है कि क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय खोला जाए, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अपने ही क्षेत्र में मिल सके। ज्ञापन में कहा गया है कि पहले राजगढ़ में केंद्रीय विद्यालय खोले जाने के लिए कार्यवाही शुरू की गई थी, लेकिन भूमि चयन की प्रक्रिया के दौरान मामला ठंडे बस्ते में चला गया। अब पुनः राजगढ़ क्षेत्र की जनता इस मांग को लेकर एकजुट है और प्रशासन से विद्यालय खोलने की कार्यवाही शीघ्र शुरू करने की मांग कर रही है। आवाज मंच के सदस्यों ने यह भी उल्लेख किया कि राजगढ़ में एसटीसी स्कूल, रोडवेज डिपो सहित कई संस्थान पहले से संचालित थे वे भी राजनीतिक कारणो के चलते क्षेत्र से समाप्त हो चुके है। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से आग्रह किया गया है कि केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति प्रदान कर विद्यालय खोलने के लिए तत्काल भूमि आवंटन की प्रक्रिया शुरू की जाए, ताकि क्षेत्र के विद्यार्थियों को इसका शीघ्र लाभ मिल सके।

# पहली बार भजनलाल और वसुंधरा का एक साथ रोड शो

## राजे बोलीं-पिछली सरकार के वादे अब पूरे हो रहे; अंता में भाजपा को जिताने की अपील

बढ़ता राजस्थान

**बारां ( नि.स. )।** अंता विधानसभा उप चुनाव में बीजेपी ने पूरी ताकत झोंक दी। भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन के समर्थन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने मांगरोल (बारां) में रोड शो किया। पार्टी ने इस रोड शो के जरिए संगठन की एकजुटता दिखाई।

रोड शो के लिए पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए। करीब ढाई किलोमीटर लंबे रोड शो का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। राजे ने कहा- पिछली सरकार में किए गए वादे अब पूरे हो रहे हैं। रोड शो के दौरान रथ पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा और भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन भी मौजूद रहे।

बता दें, अंता उपचुनाव के लिए 11 नवंबर को मतदान होगा और 14 नवंबर को मतगणना होगी। इस उपचुनाव में भाजपा के मोरपाल सुमन, कांग्रेस के प्रमोद जैन भाया और निर्दलीय नरेश मीणा के बीच त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है।



रोड शो से पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा चार्टर प्लेन से झालावाड़ पहुंचे। जहां से हेलिकॉप्टर द्वारा मांगरोल दोपहर करीब 2 पहुंचे। रोड शो को लेकर पुलिस और प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया। रोड शो सुभाष चौक से शुरू हुआ, जो सीसवाली तिराहे पर समाप्त हुआ। जगह-जगह लोगों ने रोड शो का अलग-अलग तरह से स्वागत किया। मुस्लिम समाज की ओर से जेसीबी पर चढ़कर पुष्प वर्षा की गई। रोड के लिए 51 से ज्यादा स्वागत द्वार लगाए गए। गौरतलब है कि अंता उपचुनाव में भाजपा द्वारा टिकट देने में हुई देरी को लेकर पार्टी के अंदर असंतोष की चर्चाएं थीं। विपक्ष भी लगातार भाजपा पर गुटबाजी के आरोप लगाता रहा है। ऐसे में भजनलाल शर्मा और वसुंधरा राजे के रोड शो से एकजुटता का संदेश दिया गया।

### राजे बोलीं- सड़कों का वादा पिछली सरकार ने किया, पूरा यह सरकार कर रही

पूर्व सीएम राजे ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा- आप लोग बार-बार शिकायत करते हैं कि बारां की सड़कें खराब हो गई हैं और पूछते हैं कि हमारा क्या होगा। वसुंधरा ने कहा- इन सड़कों को बनाने का वादा पिछली सरकार ने किया था, लेकिन अब उस वादे को यह सरकार पूरा कर रही है।

राजे ने कहा- सरकार ने 175 करोड़ रुपए जारी कर दिए हैं और काम शुरू हो गया है। आने वाले समय में बारां, मांगरोल और अंता आपस में बेहतर सड़कों से जुड़ जाएंगे। मंडी में सड़क की समस्या पर भी वसुंधरा ने कहा- इसके लिए 4 लाख रुपए जारी किए जा चुके हैं, जबकि शेष 67 लाख रुपए सड़कों के लिए जल्द ही मिल जाएंगे। कनेक्टिविटी सही होने से मंडी काम आ जाएगी।

# रिश्वत के 20 लाख लेकर भागा एमएलए का पीए गिरफ्तार

## 6 महीने पहले विधायक को किया था ट्रेप, पार्किंग में रुपए से भरा बैग लिया था



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** बागीदौरा (बांसवाड़ा) से भारत आदिवासी पार्टी के विधायक जयकृष्ण पटेल के फरार पर्सनल असिस्टेंट (पीए) को एसीबी ने गुरुवार को अरेस्ट किया है। एसीबी टीम ने पीए का सहयोग करने वाले साथी को भी अरेस्ट किया है। वह पिछले 6 महीने से एसीबी टीम को गच्चा देकर फरार चल रहा था। एमएलए जयकृष्ण को ट्रेप के दौरान आरोपी पीए रिश्वत के 20 लाख रुपए लेकर भाग गया था। एसीबी टीम फिलहाल गिरफ्तार पीए से पूछताछ के साथ ही उसके ठिकानों की तलाश ले रही है।

एसीबी के एएसपी संदीप सारस्वत ने बताया- भारत आदिवासी पार्टी के विधायक जयकृष्ण पटेल को 4 मई-2025 को एसीबी ने 20 लाख रुपए रिश्वत लेते अरेस्ट किया था। रिश्वत के 20 लाख रुपए से भरा बैग विधायक के चचेरे भाई विजय पटेल ने पीए रोहिताश मीणा उर्फ रोहित को दिया था। पीए रोहित मीणा ने पार्किंग में 20 लाख रुपए से भरा बैग लिया था। एसीबी के विधायक जयकृष्ण पटेल को ट्रैप का पता लगते ही पीए रोहिताश उर्फ रोहित स्कूटी पर रिश्वत के 20 लाख रुपए लेकर निकल गया था।

### 6 महीने से पीए की तलाश थी

पिछले 6 महीने से एसीबी टीम फरार पीए रोहित मीणा की तलाश में दबिश दे रही थी। एसीबी टीम को गुरुवार शाम फरार पीए रोहित मीणा के झालाना में होने की सूचना मिली। एसीबी टीम ने कार्रवाई कर फरार चल रहे पीए रोहित मीणा को धर-दबोचा। विधायक रिश्वत ट्रैप मामले में फरार पीए रोहित मीणा (35) निवासी वैर भरतपुर हाल जगतपुरा और उसकी मदद करने वाले दोस्त राजेश मीणा (33) निवासी करौली को अरेस्ट किया है। गिरफ्तार पीए व उसके साथी से एसीबी टीम पूछताछ कर रही है।

# जयपुर में पुलिस और वकीलों के बीच धक्कामुक्की

## एडवोकेट से मारपीट मामले में कलेक्ट्रेट पर रास्ता 3 घंटे तक जाम किया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर में वकीलों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास में पुलिस और वकीलों के बीच धक्कामुक्की हो गई। वकीलों का आरोप है कि आदर्श नगर पुलिस ने एडवोकेट देवेंद्र मीणा को एक मामले में वांछित आरोपी बनाया और उनके साथ मारपीट की। प्रदर्शनकारी वकीलों ने कलेक्ट्रेट के बाहर मुख्य सड़क को जाम कर दिया, जिससे लगभग 3 घंटे तक यातायात बाधित रहा। जाम हटने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली और कलेक्ट्रेट सर्कल के आसपास यातायात सामान्य हो गया। गुस्साए वकीलों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और सड़क पर टायर जलाकर अपना विरोध जताया। मौके पर एडिशनल कमिश्नर राजीव प्रचार पहुंचे और वकीलों से बातचीत की, जिसके बाद उन्होंने पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया। परिवादी के परिवार पर एफआईआर दर्ज करके जांच एडिशनल एसपी स्तर पर करवाने का आश्वासन दिया।

# हिमाचल में रात के तापमान में भारी गिरावट

## 19 शहरों में 10 डिग्री से नीचे गिरा तापमान; ताबो का पारा माइनस 5.5 डिग्री तक लुढ़का

बढ़ता राजस्थान

**शिमला।** हिमाचल में बीते 48 घंटे के दौरान हल्की बारिश-बर्फबारी के बाद तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। प्रदेश का औसत तापमान बीती रात को 2.1 डिग्री कम होने के बाद नॉर्मल से 0.7 डिग्री नीचे गिर चुका है। कई शहरों का तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक कम हुआ है। इससे बीती रात इस सीजन की सबसे ठंडी रात दर्ज की गई। इस विंटर सीजन में पहली बार राज्य के 6 शहरों का पारा 5 डिग्री से कम हुआ है। 19 शहरों का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम और 3 शहरों में पारा माइनस में चला गया है। लाहौल स्पीति के ताबो का तापमान सामान्य से 4 डिग्री नीचे लुढ़कने के बाद माइनस -5.5 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है।

इसी तरह केलांग का न्यूनतम तापमान भी नॉर्मल से 4.2 डिग्री कम होने के बाद माइनस 3.2 डिग्री और कुकुमसैरी का तापमान भी माइनस -2.1 डिग्री सेल्सियस रह गया है। बता दें कि बीते दो दिनों के दौरान लाहौल स्पीति के अधिक ऊंचे क्षेत्रों में हल्का हिमपात और अन्य क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी हुई है। इससे खासकर रातें ठंडी हुई है। मौसम विभाग की माने तो प्रदेश में अगले 5 दिन तक धूप खिलेगी। इस दौरान बारिश-बर्फबारी के कोई आसार नहीं है।

# अमित शाह का राहुल पर वार सेना को धर्म-जाति में बांटने की कोशिश, शर्म आनी चाहिए

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी पर सेना को धर्म और जाति के आधार पर बांटने का आरोप लगाया। राहुल गांधी की सेना पर 10% आबादी का नियंत्रण वाली टिप्पणी के बाद शाह ने कहा कि भारतीय सेना सभी धर्मों और जातियों के बहादुर सैनिकों का सम्मान करती है। उन्होंने ऐसे बयानों को शर्मनाक बताते हुए सेना की एकता का महत्व बताया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर सेना को धार्मिक और जातिगत आधार पर बाँटने का आरोप लगाया। कुछ दिन पहले ही लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सेना पर 10% आबादी का नियंत्रण है वाली टिप्पणी की थी, जिस पर उन्हें आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। उन्होंने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव पर भी निशाना साधा। वरिष्ठ भाजपा नेता ने राष्ट्र-विरोधी पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया पर कार्रवाई के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी सराहना की। अमित शाह ने भीड़ से पूछा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश को सुरक्षित बनाया है। पीएफआई (पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया) तो फुलवारीशरीफ तक पहुँच गया था। यह एक राष्ट्र-विरोधी संगठन था... मुझे बताइए, पीएफआई पर प्रतिबंध लगना चाहिए या नहीं? उन्होंने कहा कि केरल से लेकर फुलवारीशरीफ तक, प्रधानमंत्री मोदी ने पीएफआई के सभी लोगों को सलाखों के पीछे डाल दिया। लालू कहते हैं कि उन्हें रिहा कर देना चाहिए। लालू जी, वे कभी रिहा नहीं होंगे, मेरे शब्द याद रखना। सितंबर 2022 में, गृह मंत्रालय ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया और उसके सहयोगियों को गैरकानूनी संगठन घोषित किया।

# मुख्य सचिव की जनसम्पर्क सेवा के अधिकारियों के साथ वीसी

## जनता को सूचना मिले, समय पर मिले, सही मिले और सरल भाषा में मिले - मुख्य सचिव



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के आधारभूत ढांचे के विकास और आमजन के कल्याण के लिए ऐतिहासिक कार्य कर रही है। ऐसे में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के लिए राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों और उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार की असीम संभावनाएं हैं।

उन्होंने जनसंपर्क सेवा के अधिकारियों को संबंधित जिलों और विभागों में ऑनरशिप लेकर प्रोएक्टिव और अग्रेसिव एप्रोच के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने खबरों में कंटेंट को महत्व देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अगर कंटेंट में ह्यूमन एंगल होगा तो वह लोगों को पसंद आएगा। उन्होंने जनसम्पर्क सेवा के अधिकारियों को नैरेटिव निर्माण और इमेज बिल्डिंग के लिए बढ़-चढ़कर भागीदारी के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव श्री पंत गुरुवार को शासन सचिवालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के तहत सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनसम्पर्क सेवा के अधिकारियों पर कार्यक्रमों व गतिविधियों के कवरेज के साथ-साथ जनता में विश्वास और विश्वसनीयता का संचार करने का महती दायित्व है।

### सलाहकार की भूमिका निभाएं जनसम्पर्क सेवा के अधिकारी

मुख्य सचिव ने कहा कि अधिकारी कार्य के दायरे को बढ़ाते हुए अपने विभागों और जिलों में सचिव, कलक्टर एवं मंत्रीगण के सलाहकार की भूमिका अपनाते हुए प्रचार-प्रसार के लिए कार्य करें। उन्होंने गलत खबरों को वेरीफाई कर समयबद्ध तरीके से उनके फैक्ट चैक, खंडन, तथ्यात्मक रिपोर्ट जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने फैक्ट चैक और खंडन जैसी कार्यवाही से सभी प्रकार के मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित गलत खबरों के संदर्भ में वास्तविक और तथ्यात्मक स्थिति पर आधारित समाचार तैयार कर आमजन तक सही-सही जानकारी प्रसारित करने पर भी बल दिया। साथ ही मीडिया स्ट्रेटेजी बनाकर प्रचार-प्रसार के कार्यों को गति देने के निर्देश दिए।

### बढ़ाएं सोशल मीडिया हैंडल्स की रीच

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के युग में जनसंपर्क अधिकारी का रोल और अधिक अहम और उनकी जवाबदेही 24बाई7 हो जाती है। अतः गलत एवं भ्रामक खबरों को रोकने के लिए ये आवश्यक है कि आमजन तक भ्रामक और तथ्यहीन खबरों की सही जानकारी समयबद्ध रूप से पहुंचे।



# विश्व कप जीतने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भारतीय महिला टीम की मुलाकात

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** महिला विश्व कप 2025 का खिताब जीतने के बाद गुरुवार को भारतीय टीम ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। यह मुलाकात नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में हुई, जहां राष्ट्रपति ने टीम इंडिया को जीत की बधाई दी। इस दौरान भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने राष्ट्रपति मुर्मु को खिलाड़ियों के सिग्नेचर की हुई जर्सी भेंट की। कप्तान ने विश्व कप ट्रॉफी हाथों में लेकर राष्ट्रपति के साथ तस्वीरें भी क्लिक करवाई।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# सरकारी जगहों पर आरएसएस शाखा बैन, आदेश पर स्टे बरकरार

## कर्नाटक हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने सिद्धारमैया सरकार की अर्जी खारिज की

बढ़ता राजस्थान

**बेंगलुरू ( एजेंसी )।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें हाईकोर्ट की सिंगल बैंच के आदेश को चुनौती दी गई थी। सिंगल जज बैंच ने राज्य सरकार के उस आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसमें सार्वजनिक जगहों पर आरएसएस की शाखा लगाने और निजी संगठनों की बिना अनुमति गतिविधियां बैन कर दी गई थीं। राज्य सरकार ने इस फैसले के खिलाफ याचिका दायर की थी।

जस्टिस एस जी पंडित और गीता के बी की बैंच ने सरकार को निर्देश दिया कि वह सरकार के फैसले पर लगे स्टे को हटाने के लिए उन्हीं सिंगल जज से संपर्क करे।

कर्नाटक हाईकोर्ट की धारवाड़ बेंच ने 28 अक्टूबर को राज्य सरकार के उस आदेश पर स्टे लगा दिया, जिसमें बिना परमिशन सरकारी जगहों पर आरएसएस की शाखा लगाने और 10 से ज्यादा लोगों के इकट्ठे होने पर रोक लगा दी गई थी। हाईकोर्ट के स्टे पर सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि उनकी सरकार हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच में अपील करेगी।



### प्रियांक खड़गे ने बैन लगाने का सुझाव दिया था

राज्य सरकार का फैसला कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खड़गे के उस सुझाव के बाद आया था, जिसमें उन्होंने सार्वजनिक जगहों पर आरएसएस की गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की थी। इसके बाद कैबिनेट ने 18 अक्टूबर को फैसला किया था कि सार्वजनिक जगहों, सड़कों और सरकारी परिसरों में बिना परमिशन के पथ संचलन या शाखा नहीं लगाई जा सकेगी। जस्टिस नागप्रसन्ना की सिंगल बेंच ने पूछा कि क्या कर्नाटक सरकार इस आदेश से कुछ और हासिल करना चाहती है हाईकोर्ट ने सरकार को मामले पर दलील देने के लिए एक दिन का समय दिया और राज्य सरकार समेत होम डिपार्टमेंट, डीजी, हुबली पुलिस कमिश्नर को नोटिस जारी किया। राज्य सरकार के फैसले के खिलाफ हुबली की पुनश्चितना सेवा संस्था ने याचिका दायर की थी। सीनियर एडवोकेट अशोक हरनहल्ली ने कोर्ट में कहा कि सरकार ने जो नियम बनाया है, वह संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों के खिलाफ है। हरनहल्ली ने कहा कि सरकारी आदेश के अनुसार अगर कोई पार्टी पार्क या मैदान में भी आयोजित हो, और वहां 10 से ज्यादा लोग इकट्ठा हों, तो इसे गैर-कानूनी माना जाएगा। उन्होंने यह भी पूछा कि जब पहले से पुलिस एक्ट लागू है तो इस तरह का नया आदेश क्यों बनाया गया। ऑर्डर में कहा गया है कि सरकार ने बिना अनुमति के 10 या उससे अधिक लोगों के जमावड़े को अपराध मानकर सार्वजनिक जगहों जैसे सड़कों, पार्कों, मैदानों और झीलों में प्रवेश पर रोक लगा दी थी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार